दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 231 | जयपुर | बुधवार, 25 जून, 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# पहले सीजफायर फिर दागी मिसाईल
## तेहरान पर मिसाइल दाग नेतन्याहू का ट्रंप को दो टूक जवाब, हमले तो नहीं रुकेंगे



**तेलअवीव ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान और इजरायल दोनों पर ही अपनी नाराजगी जताई है और सीजफायर तोड़ने को लेकर चेतावनी भी दी है। लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हमले को टालना संभव नहीं है। ईरानी कार्रवाई के पलटवार में कुछ न कुछ करना जरूरी है। इसे इजरायल की ओर से सीमित जवाबी कार्रवाई बताया गया है। इजरायल और ईरान के सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही ऐलान कर दिया हो। लेकिन वास्तविकता में धरातल पर ऐसी तस्वीर फिलहाल तो नजर नहीं आ रही है। ईरान की तरफ से सीजफायर के ऐलान के कुछ ही घंटों बाद इजरायल पर मिसाइल दागे जाने की खबर सामने आई। ऐसे में इजरायल भी कहां पीछे हटने वाला था, उसने तेहरान स्थित एक ईरानी रडार ठिकाने पर एयर स्ट्राइक कर दी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान और इजरायल दोनों पर ही अपनी नाराजगी जताई है और सीजफायर तोड़ने को लेकर चेतावनी भी दी है। लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हमले को टालना संभव नहीं है। ईरानी कार्रवाई के पलटवार में कुछ न कुछ करना जरूरी है। इसे इजरायल की ओर से सीमित जवाबी कार्रवाई बताया गया है।

### ट्रंप ने नेतन्याहू को किया फोन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फिर से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से ईरान पर बमबारी करने और संभावित हमलों के लिए तैनात पायलटों को तुरंत वापस बुलाने का आह्वान किया। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने यह सीधा आह्वान ईरान और इजरायल दोनों द्वारा कथित तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मध्यस्थता किए गए युद्धविराम का उल्लंघन करने के तुरंत बाद किया। इससे पहले उन्होंने ट्वीट करके इजरायल से ईरान पर बमबारी न करने को कहा था। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि ईरान पर बमबारी मत करो। अगर तुम बमबारी करोगे तो यह युद्ध विराम का गंभीर उल्लंघन होगा। पायलटों को तुरंत घर वापस लाओ। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब तेहरान और तेल अवीव के बीच सैन्य हमलों की एक श्रृंखला के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। हालांकि युद्ध विराम समझौते ने कुछ समय के लिए शांति की उम्मीद जगाई थी।

## इसरायल पर भड़के ट्रंप, चेतावनी देते हुए कहा- अपने पायलटों को तुरंत घर वापस बुलाओ

बढ़ता राजस्थान

बढ़ता राजस्थान



**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** ट्रम्प ने दावा किया कि इजरायल और ईरान ने पूर्ण और समग्र युद्ध विराम समझौता कर लिया है, जिससे 12 दिवसीय युद्ध का अंत हो गया है। हालांकि, ईरान ने तुरंत इनकार करते हुए कहा कि ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है - लेकिन बाद में उसने एक बयान जारी कर संकेत दिया कि उसकी ओर से लड़ाई रुक गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि दोनों देशों ने युद्ध विराम का उल्लंघन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह दोनों देशों, खासकर इजरायल से खुश नहीं हैं।

**ईरान पर अमेरिकी सेना ने कैसे किया हमला, सीनेट में ट्रंप के खुफिया अधिकारी देंगे पूरा ब्योरा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खुफिया अधिकारी सीधे तौर पर अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों को ईरान पर किए गए अमेरिकी हमले का ब्योरा देंगे। ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले के तीन दिन बाद और कतर में अमेरिकी बेस पर ईरान के हमले के एक दिन बाद सिलसिलेवार गोपनीय जानकारियां दी जाएंगी। ट्रंप ने इंटरनेट मीडिया पर यह घोषणा की थी कि इजरायल और ईरान ने अपने संघर्ष का आधिकारिक अंत करने पर सहमति जताई है। हालांकि, यह अस्थायी संघर्ष तब बाधित हो गया ।

संक्षिप्त समाचार

## ईरान-इजराइल युद्ध के चलते जयपुर की 6 फ्लाइट रद्द



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** ईरान-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा है। जयपुर से जाने वाली और उधर (विदेश) आने वाली हवाई सेवाएं कैंसिल की जा रही हैं। मंगलवार को जयपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली 3 और उधर से जयपुर आने वाली 3 इंटरनेशनल फ्लाइट को कैंसिल किया गया है।इसमें जयपुर से जेद्दाह, जयपुर से दुबई जाने-आने वाली फ्लाइट शामिल हैं। विमान कंपनियों का कहना है कि जल्दी ही पैसेंजर्स को रिफंड दिया जाएगा।अचानक 6 फ्लाइट रद्द होने के बाद बड़ी संख्या में पैसेंजर्स जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे। जयपुर से दुबई जाने वाले यात्री राजीव कपूर ने बताया कि एयरलाइन कंपनियों की ओर से आखिरी वक्त पर इस तरह फ्लाइट रद्द करना पूरी तरह गलत है।कम से कम एक निर्धारित वक्त से पहले पैसेंजर तक इस तरह की जानकारी आनी चाहिए। ताकि उसका कीमती वक्त जाया नहीं हो। आज मेरी तरह सैकड़ों यात्री पूर्व निर्धारित समय पर एयरपोर्ट पहुंच गए थे।यहां आने के बाद पता चला की फ्लाइट रद्द हो गई है। राजीव कपूर को स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट स्त्र - 57 से दुबई जाना था।

## पीएफ अकाउंट से 72 घंटे में निकाल सकेंगे 5 लाख

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 28 मार्च को श्रीनगर में हुई EPFO की कार्यकारी समिति (EC) की 113वीं बैठक में इस प्रस्ताव को पास किया गया था। अब PF अकाउंट से इमरजेंसी या जरूरत के समय 72 घंटे में 5 लाख तक निकाल सकेंगे। पहले ये लिमिट 1 लाख थी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने 24 जून को इसकी जानकारी दी। इससे पहले श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने 28 मार्च को श्रीनगर में हुई EPFO की कार्यकारी समिति (EC) की 113वीं बैठक में इस प्रस्ताव को पास किया था।ऑटो सेटलमेंट में PF विड्रॉल क्लेम को सिस्टम द्वारा अपने आप प्रोसेस किया जाता है। इसमें अफसरों के हस्तक्षेप की जरूरत बहुत कम या बिल्कुल नहीं होगी।अगर आपका UAN (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) आधार, पैन और बैंक खाते से लिंक है, और KYC पूरी तरह से अपडेटेड है, तो सिस्टम आपके क्लेम की जांच करता है। यह प्रक्रिया तेज होती है क्योंकि यह पूरी तरह से ऑनलाइन और IT सिस्टम पर आधारित होती है। ऑटो सेटलमेंट में क्लेम 3-4 दिन में प्रोसेस हो जाता है। EPFO ने कुछ खास तरह के क्लेम (जैसे मेडिकल, शिक्षा, शादी, या मकान बनाने/खरीदने के लिए) के लिए ऑटो सेटलमेंट की सुविधा शुरू की है।



## 1 जुलाई से ट्रेन का सफर होगा महंगा!

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रेलवे अधिकारी ने आश्वासन दिया कि नए किराया ढांचे से यात्रियों के बजट पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। उपनगरीय ट्रेन के किराए और मासिक सीजन टिकट (MST) की कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी, जिससे काम पर आने-जाने वाले दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी।भारतीय रेलवे ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कई वर्षों में पहली बार यात्री ट्रेन के किराए में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। संशोधित दरें 1 जुलाई से लागू होंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, गैर-एसी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किलोमीटर 1 पैसे की दर से किराया बढ़ाना होगा। मंगलवार को रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि देशभर में रोजाना करीब 13,000 गैर-एसी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकट की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी होगी।


# चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को बुलाया
## महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी के आरोप पर बातचीत करेगा, राहुल ने कहा था- चुनाव में फिक्सिंग हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इलेक्शन कमीशन (EC) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेटर लिखा है। इसमें महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के उनके आरोपों पर चर्चा के लिए बुलाया है। ANI के मुताबिक, लेटर 12 जून को मेल और राहुल के आवास पर भी भेजा गया है। EC ने लेटर में लिखा- भारत की संसद के पारित इलेक्टोरल लॉ, उसके नियमों और समय-समय पर चुनाव आयोग के निर्देशों के जरिए बहुत सख्ती से देश में चुनाव आयोजित कराए जाते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सेंट्रलाइज्ड आयोजित की जाती है।

इसमें श्वष्ट के नियुक्त 1,00,186 से ज्यादा BLO, 288 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, 139 जनरल ऑब्जर्वर, 41 पुलिस ऑब्जर्वर, 71 खर्च ऑब्जर्वर और 288 रिटर्निंग अधिकारी और महाराष्ट्र में राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के नियुक्त 1 लाख 8 हजार 26 बूथ स्तरीय एजेंट शामिल हैं। इनमें कांग्रेस के 28,421 एजेंट शामिल हैं।

महाराष्ट्र CM देवेंद्र फडणवीस ने राहुल के दावे पर कहा- ये कांग्रेस की हार से उपजा एक हताशा भरा दावा है। झूठ बोले कौवा काटे, काले कौवे से डरियो। यह साफ है कि महाराष्ट्र में आपकी पार्टी की अपमानजनक हार का दंश दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है। आप कब तक अंधेरे में तीर चलाते रहेंगे?



### राहुल ने आरोप लगाया था

राहुल गांधी ने X पर लिखा- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री (देवेंद्र फडणवीस) के निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट में 5 महीनों में 8ल वोटर बढ़ गए थे। कुछ बूथों पर 20 से 50ल तक वोटर बढ़े। बीएलओ ने अज्ञात लोगों के वोट डालने की खबर दी। मीडिया ने बिना वेरिफिकेशन पते वाले हजारों मतदाताओं का पता लगाया। इस पर चुनाव आयोग चुप है। क्या ये मिलीभगत है। ये अलग-अलग गड़बड़ियां नहीं हैं। यह वोटों की चोरी है। इसे छिपाना ही कबूलनामा है। इसलिए हम मशीन रीडेबल डिजिटल वोटर लिस्ट और ष्टष्टञ्ज फुटेज को तुरंत जारी करने की मांग करते हैं।

## डोभाल ने चीन में एससीओ सम्मिट में कहा- सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाए

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया जिसे व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है।शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन में मौजूद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानकों की बात कही। पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को प्रायोजित करने का परोक्ष उल्लेख करते हुए डोभाल ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद का कोई भी कृत्य मानवता के विरुद्ध अपराध है।

# घोटाले का पैसा पूर्व-मंत्री के बेटे की कंपनी में लगा
## करोड़ों रुपए की फंडिंग की गई, श्वष्ठ ने महेश जोशी के खिलाफ चार्जशीट पेश की



### 4 साल पहले हुई थी घोटाले की शुरुआत

वर्ष 2021 में मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवैल कंपनी, श्री श्याम ट्यूबवैल कंपनी जैसी कम्पनियों ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाकर जलदाय विभाग के करोड़ों के टेंडर उठाए।श्री गणपति ट्यूबवैल कंपनी ने 68 टेंडर्स में हिस्सा लिया और 31 टेंडर में एल-1 बोलीदाता बनकर 859 .2 करोड़ रुपए के टेंडर लिए।श्री श्याम ट्यूबवैल कंपनी ने 169 टेंडर में हिस्सा लिया और 73 में एल-1 बोलीदाता बनकर 120 .25 करोड़ रुपए के टेंडर हासिल किए। मामले में ठेकेदार पदमचंद जैन और महेश मित्तल शामिल हैं।

### 47.80 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति भी जब्त की

ईडी ने 24 अप्रैल को जल जीवन मिशन मामले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पूर्व पीएचईडी मंत्री महेश जोशी को गिरफ्तार किया था। करीब एक हफ्ते पहले ईडी ने 47 .80 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति भी जब्त की थी। ये संपत्तियां पदम चंद जैन, महेश मित्तल, संजय बड़ाया, विशाल सक्सेना और महेश जोशी और उनके परिवार के सदस्यों की थीं।

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** प्रवर्तन निदेशालय(ED) ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) में 980 करोड़ के घोटाले को लेकर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की है। ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामलों में शुक्रवार को चार्जशीट दायर की गई थी। इसमें पूर्व पीएचईडी मंत्री और अन्य पर आरोप लगाए गए।सूत्रों के अनुसार, चार्जशीट में ईडी ने कहा है कि पूर्व पीएचईडी मंत्री महेश जोशी के सहयोगी संजय बड़ाया के जरिए पैसे ट्रांसफर किए गए।

साथ ही ऐसे सबूत भी मिले हैं कि संजय बड़ाया कमीशन का पैसा महेश जोशी के बेटे रोहित की फर्म में लगाता था। रोहित जोशी की कंपनी मेसर्स सुमंगलम लैंडमार्क को भी करोड़ों रुपए की फंडिंग की गई।ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहना है कि पूर्व पीएचईडी मंत्री जोशी, उनके बेटे रोहित जोशी, मेसर्स श्याम ट्यूबवेल, मेसर्स श्री गणपति ट्यूबवेल, कारोबारी संजय बड़ाया, मुकेश पाठक, माया लाल सैनी, राकेश सिंह, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, मलकीत सिंह, महेंद्र प्रकाश सोनी, विशाल सक्सेना, मेसर्स सुमंगलमन लैंडमार्क, हिमांशु रावत, नमन खंडेलवाल, तन्मय गोयल और हेमराज गुप्ता के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई है। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि यह दूसरी चार्जशीट है, जिसमें पाइपलाइन बिछाने से जुड़ी निजी कंपनियों, पीएचईडी इंजीनियरों, मंत्री और उनके बेटे के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी का पावटा उपखंड में निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने पावटा उपखंड क्षेत्र का दौरा कर पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंढा और कारोली ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन किया और प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों और कार्मिकों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार और सरकार की मंशानुरूप लाभ प्रदान करवाए जाएं। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड सर्वे कर झूलते तारों और विद्युत



पोल्स को सही करवाएं। जिला कलेक्टर ने राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, कृषि, वन, सामाजिक न्याय सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने एनएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण, आधार सीडिंग, ई के वाईसी, पीएचईडी विभाग को टंकियों की साफ सफाई एवं लीकेज की मरम्मत करने को कहा। जिला कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामजनों से अपील की कि शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और पात्रतानुसार सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी पावटा कपिल कुमार, तहसीलदार संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामजन उपस्थित रहे। प्रियंका गोस्वामी इससे पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी, जयपुर राजस्थान के पद पर कार्यरत थी। वह एडिशनल मिशन डायरेक्टर नेशनल हेल्थ मिशन राजस्थान, सेक्रेटरी स्टेट इंफॉर्मेशन कमिशन जयपुर, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त कोटा के पद पर रह चुकी हैं। उन्होंने कल ही जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के टोंक लगाये जाने पर बाद कोटपूतली-बहरोड़ के जिला कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया।

## बानसूर में दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की हत्या

### कृष्ण पहलवान ने ली, टुल्ली उर्फ़ सुनील की मौत की जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** बानसूर में मंगलवार को एक गोलिबारी का मामला सामने आया है। गोलिबारी क्यों की गई यह एक सोशियल मिडिया में वायरल हो रहे कृष्ण पहलवान ने जगजाहिर कर दिया। वहीं मृतक सुनील उर्फ़ टुल्ली को क्यों मारा गया यह उसके पिता रघुवीर यादव भी नहीं बता पा रहे! शायद उन्हें पता था या नहीं हम नहीं कह सकते! क्योंकि उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में यही बताया। कभी पुरानी रंजिश से इंकार किया तो पुरानी रंजिश को स्वीकार भी किया। मृतक के पिता रघुवीर यादव ने बताया कि मेरे एक लड़का था और वे 6-7 भाई हैं। पहले तो पुरानी रंजिश से इंकार किया लेकिन फिर कहा कि 6-7 साल से केस चल रहा था। कृष्ण पहलवान का बिना नाम लिए कहा कि उसने दो बार पहले भी मेरे लड़के पर हमला किया था, पुलिस ने उसके हाथ पैर तोड़ दिए थे लेकिन वह आज भी वैसे का वैसा है! पत्रकारों द्वारा सवाल किए जाने पर कि आपने पुलिस में मामला दर्ज क्यों नहीं करवाया तो रघुवीर यादव ने कहा कि पुलिस कहती है हमें गिरफ्तार करने का आदेश है छोड़ने का नहीं! यह अदालत का मामला है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि बायपास पर गोलिकांड हुआ है पुलिस त्वरित गति से मौके पर पहुँची। घायल सुनील उर्फ़ टुल्ली को बानसूर के उपजिला अस्पताल लेकर गईं। प्राथमिक उपचार के बाद टुल्ली को हायर सेंटर के लिए रैफर किया गया। जहाँ उपचारांत टुल्ली की मौत हो गईं।थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक ने बताया कि यह आपसी रंजिश का मामला है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी! वहीं रोटी बैंक की नि:शुल्क एम्बुलेंस द्वारा मृतक सुनील उर्फ़ टुल्ली के शव को कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल से उसके पैतृक गाँव बालावास पहुँचाया गया है।

## एएसपी कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** एक पेड़ एक जिन्दगी अभियान के तहत एएसपी कार्यालय हिंडौन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र पाल सिंह ने पौधरोपण किया। एएसपी ने बताया कि पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।ग्रीनमैन पुष्पेन्द्र गारूवाल करई ने बताया कि उनके द्वारा पूरे जिले भर में एक पेड़ एक जिन्दगी अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ लगाए जाएंगे। इस मौके पर हैड कांस्टेबल युनूस खान, कांस्टेबल योगेश शर्मा, कांस्टेबल मुकेश, कमांडो तेजवीर,महिला कांस्टेबल सुनीता, कांस्टेबल शालिनी, नरेश आदि मौजूद रहें।

## राज्यमंत्री बेढ़म का 25 जून को चित्तौड़गढ़ दौरा

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म 25 जून 2025 (बुधवार) को चित्तौड़गढ़ के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले में आयोजित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। प्राप्त संशोधित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री प्रात: 6.20 बजे जयपुर से रेल मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.00 बजे चित्तौड़गढ़ पहुंचेंगे। आगमन उपरांत वे दोपहर 3 बजे जिला स्तरीय पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

## माहेश्वरी महिला मंडल की बैठक आयोजित हुई



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** मंगलवार को यहां माहेश्वरी महिला मंडल की बैठक का आयोजन आदर्श बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पटेल नगर में हुआ। बैठक कार्यक्रम की जानकारी कमलेश मुंद्रडा ने दी है। कमलेश मूंदड़ा ने जानकारी में बताएं कि माहेश्वरी महिला मंडल ने नए सत्र के कार्य कारिणी का चयन किया। इस प्रकार मंडल की पूर्व अध्यक्ष मंजू तोतला और सचिव ललिता झवर ने बताया की अध्यक्ष पद के लिए वंदना तोषनीवाल को सर्वसहमति से चुना गया है। इसी के साथ सचिन पद पर रेखा नवल मूंदड़ा को नियुक्त किया गया है। और कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी महिमा मालू दी गई है। तो वहीं संगठन मंत्री के पद पर सोनिया जाजू का चयन किया है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर सुमन मालपानी और मधु महेश्वरी एवं सह सचिव पद पर रेखा मालपानी और नीतू सोमानी पर नियुक्त किया गया है।, साथ ही परामर्श दाता के रूप में अनीता लाठी व सुधा मालपानी, का चयन किया गया है।

## जयपुर से अपहर्त दो युवकों को सदर पुलिस ने 24 घंटे में मुक्त कराया...

रात्रि में मोठियापुरा के जंगलों से दोनों युवकों को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया..

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि थाना महेश नगर जयपुर मे 23जून 25 को मारपीट कर फिरौती मांग की एक रिपोर्ट तहरीर अक्षय कुमार मीणा पुत्र प्रदीप कुमार मीणा उम्र 28 साल निवासी सरस डेयरी पंचमुखी हनुमान कोलोनी आगरा रोड दौसा थाना कोतवाली दौसा हाल मकान नम्बर ए-5 भगवती नगर प्रथम करतारपुरा थाना महेश नगर जयपुर ने पेश की। थाना महेश नगर जयपुर मे मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान उपनिक्षक सुरेश कुमार थाना महेश नगर द्वारा प्रारम्भ किया। उपनिक्षक सुरेश कुमार मय टीम कास्टेबल भूपेन्द्र, हवासिंह, थाना महेशनगर जिला जयपुर के अपर्हत व मुल्जिमान की तलाश करते थाना सदर हिण्डौन आये। जिनकी इम्दाद व तलाश के लिये थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार मय जाप्ते के अपहृत व बालक सदीप के मोबाईल नम्बर की लोकेशन एंव तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाशी के लिये रवाना करबा हिण्डौनसिटी, करसौली, बाड, मोठियापुरा खरैटा पहुंचे। जहा पर थाने के कास्टैबल प्रधान को मुखबीर एंव तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर सूचना मिली। कि आरोपियों ने अपर्हत बालक मोठियापुरा के जगल ने पकड़ रखा है। उक्त सूचना थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार व उपनिक्षक सुरेश कुमार थाना महेशनगर पुलिस के जाप्ता के पहुंचे। जहां एक कार में कुछ व्यक्ति बैठे दिखाई दिये। जिनको घेरा देकर पकडा व नाम पता पूछा तो दोनो अपहर्त बालक सदीप पुत्र पिन्टूराम मीना उम्र 17 साल निवासी पीलौदा, व विशाल पुत्र कलुआ मीना उम्र 16 साल निवासी कटकड थाना सदर हिण्डौन होना



बताया। एंव अपहरण कर्ता ने अपना राजकुमार उर्फ गोलू पुत्र रणजीत गुर्जर निवासी तिघरिया थाना नई मण्डी हिण्डौनसिटी हाल निवासी अभय नगर हिण्डौन होना बताया एंव मौके से 4 व्यक्ति अधेरा व जंगल का फायदा उठाकर भाग गये। मौके पर मिली डैमेज लाल रंग की गाडी नम्बर आरजे 14 टीजी 2814 को क्रेन की मदद से लेकर आये। एव अनुसंधान अधिकारी उपनिक्षक सुरेश कुमार थाना महेश नगर जयपुर द्वारा अपहर्त बालक सदीप व विशाल एवं घटना में प्रयुक्त वाहन डैमेजशुदा सिप्ट गाडी नम्बर आरजे 14 टीजी 2814 एंव डिटेनशुदा आरोपी राजकुमार उर्फ गोलू को सुपर्द किया। कार्यवाही मे थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा, उपनिक्षक सुरेश कुमार थाना महेशनगर, एएसआई अशोक कुमार, हैड कांस्टेबल भल्लूसिंह शिवसिंह, कास्टैबल भूपेन्द्र, हवासिंह, प्रधान, ओम प्रकाश शिवसिंह, दयाल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार की नई योजना पर कांग्रेस का हमला

### पावटा उपखंड पर आंच आई तो सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे : इंद्राज गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव और विराटनगर के पूर्व विधायक इंद्राज सिंह गुर्जर ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा है कि सरकार नए जिलों और संभागों को खत्म करने के बाद अब उपखंड कार्यालयों को समाप्त करने की तैयारी कर रही है। सरकार की योजना के अनुसार, अब दो या तीन तहसीलों के लिए केवल एक उपखंड अधिकारी (स्ष्ठरू) का कार्यालय होगा, जिससे प्रदेश के कुल उपखंडों में लगभग 32त्न की



कटौती होगी। इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई गई है। इंद्राज सिंह गुर्जर ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी करते हुए लिखा है कि कोटपूतली-बहरोड़ जिला क्षेत्र के पावटा उपखंड पर आंच आई तो सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले तो कांग्रेस राज में बने जिले हटाए और अब उपखंड हटाएंगे, और फिर सुशासन की बात करते हैं। इंद्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि सत्ताईसा की जनता चुप नहीं बैठेगी और सरकार की जड़ें हिला देगी। उन्होंने बीजेपी के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस आवाज को सरकार के सामने उठाएं और जल्दी ही बयान जारी कर जनता को विश्वास दिलाएं कि पावटा उपखंड को यथावत रखा जाएगा। इंद्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि अगर पावटा उपखंड को यथावत नहीं रखा गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे और जनता का सरकार के प्रति विश्वास उठ जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के हित में आवाज उठाने की जरूरत है और सरकार को जनता की मांगों को सुनना चाहिए।

## हिमालय की वादियों लेह में गूंजा मेवाड़ और जय महाराणा प्रताप



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** हिमालय परिवार द्वारा आयोजित सिंधु दर्शन यात्रा महोत्सव के तहत आज लेह स्टेडियम में हिंदुस्तान से आए समस्त यात्रियों के मेवाड़ और महाराणा प्रताप की जय से हिमालय की वादियां गूंज उठी। हिमालय परिवार के महामन्त्री व राजस्थान के यात्रा प्रभारी अरविन्द जारोली ने बताया कि उत्तर क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र द्वारा यात्रियों के स्वागत कार्यक्रम में राजस्थान के प्रमुख भवाई नृत्य की प्रस्तुति ने सभी यात्रियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। लेह लद्दाख में राजस्थानी संस्कृति ने भारत को एकता और अखंडता की माला में पिरो दिया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप की जय, जय शिवां सरदार, जय राणा प्रताप के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में इंद्रेश कुमार, सांसद वाग चुंग विधायक विक्रम रंधावा भूपेंद्र कंसल के साथ केंद्र शासित प्रदेश लेह-लद्दाख के अधिकारी उपस्थित थे। आज राजस्थान के यात्रियों ने लेह पैलेश,शांति स्तुपा,हाल ऑफ फेम (कारगिल वार मेमोरियल) को देखा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की मांग बॉर्डर से रिलीव कर ब्रिज कोर्स शीघ्र शुरू किया जाए

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा ढिकोला के पूर्व मण्डल अध्यक्ष कांग्रेस मनीष नायक ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी भर्ती-2022 का अंतिम परिमाण आये महीनों बीत गए लेकिन अभी तक ब्रिज कोर्स शुरू नही होने से चयनित अभ्यर्थियों में बेहद निराशा है।भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान इन सीएचओ को बॉर्डर जिलों पर तत्काल प्रभाव से अस्थायी पॉटिंग देकर भेजा। परन्तु युद्ध समाप्त होने के बाद भी इनको कार्यमुक्त आदेश का इंतजार है। परन्तु एनएचएम विभाग द्वारा न तो इन अभ्यर्थियों को कार्यमुक्त किया जा रहा। और न ही इनकी सब्सेन्टर अलोर्टमेंट व ब्रिज कोर्स कॉलेज अलोर्टमेंट की लिस्ट निकाली जा रही।मुख्यमंत्री जी इन युवाओं की मांगों पर गौर करें और सीएचओ की समस्याओं का समाधान जल्द हो ताकि ये रोज अपनी मांगों उठाने के बजाय प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी भूमिका निभाए.।

## भागवत कथा का समापन के बाद 47 गावों का भंडारा हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** रीठौली गाँव मे सैनी समाज द्वारा आयोजित आचार्य गोपाल कृष्ण शास्त्री के सानिध्य मे भागवत कथा के समापन पर सोमवार को 47गावों हजारों लोगों ने पगंत पर प्रसादी पायी।आयोजन समिति के के चरण सैनी, साबूराम, गोपाल व दीपचंद सैनी ने बताया कि समाज द्वारा आचार्य गोपाल कृष्ण शास्त्री के सानिध्य मे आयोजित भागवत कथा के समापन पर सोमवार को पूर्णाहुति व हवनादि के साथ विधीवत समापन हुआ। प्रसादी वितरण मे हजारों लोगों ने पगंत पर प्रसादी पायी। 47 गावो के भंडारे मे हजारों ने पगंत पर प्रसादी पायीआयोजन समिति के चरण सैनी, पूरण सैनी ने बताया कि भागवत कथा के समापन मे भंडारे मे गावं के अलावा सैनी समाज के 47 गावों के हजारों महिला पुरुष, युवक युवतियों ने पगंत पर प्रसादी पायी। भंडारे मे 20 हलवाईयों ने 10 भट्टियों पर 45पीपा घी, 50 क्विंटल आटा, 25 क्विंवल गुड के मालपुआ, तथा 5 क्विंटल बैशन की करारे की सब्जी की प्रसादी बनायी। स्थानीय युवाओं व महिलाओं ने प्रसादी वितरण मे सहयोग किया।

## माहेश्वरी महिला गौरव ने किया वृक्षारोपण



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** माहेश्वरी महिला गौरव की सदस्याओं ने आज धाबाई जी की बाड़ी मे वृक्षारोपण के साथ योगा कार्यक्रम भी आयोजित किया। अध्यक्ष आशा नरानीवाल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्ष कौशल्या गट्टानी व जनक बांगड़ ने की। योगा कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने सूर्य नमस्कार, भुजंग आसान, ताड़ासन, सूक्ष्म क्रिया व प्राणायाम किये। इस अवसर पर के.जी. गट्टानी ट्रस्ट द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में सभी ने अपनी सेवायें दी। राहगीरों के लिये पानी व पशुओं के लिये चारे की व्यवस्था की। इस मौके पर रेखा देवपुरा, सरिता न्याती, सीमा मंत्री, कला, अंकिता, रेणु सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।


## दिव्य ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत

### शिव मंदिर में दिव्य ज्योति व शक्ति कलश की आरती उतार सुख समृद्धि की कामना

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में पावटा उपखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में दिव्य ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा के आगमन पर धार्मिक माहौल बना हुआ है। मंगलवार को यह यात्रा ग्राम प्रेमनगर, वीर तेजाजी नगर, सितोपसिंहपुरा, कैमरिया, सीमावत्या, कारोली, कैमरिया, टोरड़ा ब्राह्मणान होती हुई पांचुडाला पहुंची। ग्राम पंचायत पांचुडाला प्रशासक व जनप्रतिनिधि निर्मल सिंह शेखावत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। श्रीराम गौ सेवा समिति संरक्षक लालचंद मीणा ने बताया कि ग्राम की मुख्य चौपाल शिव मंदिर स्थित ग्रामीणों ने दिव्य ज्योति व शक्ति कलश की आरती उतार कर गांव की सुख समृद्धि की कामना की। गायत्री परिवार के अनुसार, यह ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा गुरुदेव पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य व शांतिकुंज हरिद्वार में विगत 98 वर्ष से जल रहे अखण्ड दीपक में व्याप्त दिव्य चेतना शक्ति का प्रतीक है। इस दौरान यात्रा प्रभारी बद्रीप्रसाद शर्मा, तहसील समन्वयक महेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र सिंह शास्त्री, कृष्णा गुर्जर, कुलदीप शास्त्री, रमेश सोनी, जसवंत सोनी, बाबू योगी, श्रीराम पुजारी, विकास कुमार मीणा, शिक्षाविद लालचंद जाट, ओमी पुजारी समेत बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के लोग मौजूद रहे। रात्रि विश्राम के दौरान गायत्री परिवार द्वारा भजन सत्संग का आयोजन भी किया गया। इस दौरान लोगों में एक विशेष उत्साह भी देखने को मिला।

## शाहपुरा-बनेड़ा स्टेट हाईवे पर सड़क हादसा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिखाई मानवता, घायलों को निजी एंबुलेंस से पहुँचाया अस्पताल



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के शाहपुरा-बनेड़ा स्टेट हाईवे पर स्थित सरदार नगर के पास कल एक सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान संयोगवश भीलवाड़ा से कांग्रेस कार्यक्रम में शामिल होकर शाहपुरा लौट रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम ने सड़क पर गिरे घायलों को देखकर तुरंत गाड़ी रुकवाई और घटनास्थल के पास से गुजर रही एक निजी एंबुलेंस को रोका। तत्परता दिखाते हुए उन्होंने घायलों को भीलवाड़ा स्थित अस्पताल भिजवाया। इस सहायता कार्य में शाहपुरा ब्लॉक कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष हनुमान वैष्णव, पूर्व यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी, सुरेंद्र नाथ और इकबाल मंसूरी शामिल रहे। उनकी तत्परता और सहयोग से समय रहते घायलों को उपचार के लिए भेजा जा सका। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के इस मानवीय कार्य की सराहना की।

### देवस्थान विभाग की समीक्षा बैठक

# मंत्री जोराराम कुमावत ने मंदिरों की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए दी सख्त हिदायत

## बेणेश्वर धाम व गोगामेड़ी के विकास को लेकर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में देवस्थान विभाग की समीक्षा बैठक सोमवार को शासन सचिवालय में आयोजित हुई। बैठक में देवस्थान विभाग की वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति तथा वर्ष 2025-26 के बजट घोषणा पर विस्तार से चर्चा हुई। देवस्थान मंत्री ने अधिकारियों को बजट में स्वीकृत योजनाओं और कार्यों को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि बजट में स्वीकृत कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने विभाग के अधिकारियों को बजट में स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता पर रखते हुए अपनी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के निर्देश दिए तथा गत वर्ष की बजट घोषणाओं के कार्य भी शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री कुमावत ने राजस्थान व अन्य प्रदेशों में देवस्थान विभाग के मंदिरों के जीर्णोद्धार और मरम्मत कार्यों के लिए जल्द से जल्द डीपीआर बनाकर कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।



बैठक में उन्होंने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत वर्ष-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू करने के साथ ही सिन्धु दर्शन यात्रा योजना का संशोधित प्रारूप लागू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सिख धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थल श्री पटना साहिब व हजूर साहिब (नांदेड़) को भी वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना में शामिल करने को लेकर चर्चा हुई। इसी तरह राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के इंजन को भी आकर्षक बनाने का सुझाव दिया गया। बैठक के दौरान देवस्थान विभाग के प्रमुख मंदिरों में सुबह-शाम की आरती के ऑनलाइन दर्शन की व्यवस्था के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

### मंदिर भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

देवस्थान मंत्री कुमावत ने मंदिरों की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में जिला कलेक्टर्स व एसडीएम के सहयोग से अतिक्रमण चिन्हित कर उसे कब्जामुक्त किया जाए। साथ ही उन्होंने मंदिरों की आय बढाने के लिए कृषि योग्य भूमि पर बागवानी करने के लिए वर्षाकाल में फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए।

बेणेश्वर धाम व गोगामेड़ी के विकास को लेकर मंथन—

विश्व प्रसिद्ध बेणेश्वर धाम व गोगामेड़ी के विकास को लेकर देवस्थान मंत्री कुमावत व राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत ने डीपीआर के आधार पर कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मेंहदीपुर बालाजी, रामदेवरा सहित अन्य मंदिरों की भी कार्ययोजना बनाने के लिए कहा गया।

देवस्थान विभाग के रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश भी कुमावत ने दिए।

बैठक में देवस्थान विभाग के शासन सचिव कृष्णकांत पाठक, शासन उप सचिव आलोक सैनी, पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

## रोगों से मुक्ति का सबसे सरल उपाय योग :अनीस अल्वी

### राजपुताना युनानी मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में हुआ योगाभ्यास



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जगतपुरा रोड, खोह नागौरियान स्थित राजपुताना युनानी मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में कॉलेज स्टाफ एवं स्टूडेंट्स ने योगाभ्यास किया। जिसमें टीचर्स एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। इस दौरान सभी ने मिलकर विभिन्न योगासन किए। योग गुरू डॉ. हबीबुर्रहमान ने अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम जैसे अभ्यास कराए। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी अनीस अहमद अल्वी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोगों से मुक्ति का सबसे सरल उपाय योग है। अगर हम नियमित योग करें तो जीवन भर स्वस्थ रह सकते हैं। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे हर दिन योग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. केएल जैन एवं सचिव जाकिर गुडएज ने बताया कि यह आयोजन केवल एक दिन का नहीं, बल्कि स्टूडेंट्स के लिए योग को जीवन का हिस्सा बनाने की दिशा में एक कदम है। कार्यक्रम में प्रिंसिपल प्रोफेसर सैयद शफीक अहमद नकवी, प्रोफेसर एमएस आजमी, डॉ. तबस्सुम, डॉ. अ. शकूर, डॉ. सबा, मतलूब अली, कुतुबुद्दीन आदि की विशेष उपस्थिति रही।

## रीना सच्चर को मिला नया दायित्व, बनीं अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन की राजस्थान महिला अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** समाजसेवी रीना सच्चर को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन की महिला मोर्चा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि रीना 2016 से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं और 300 से अधिक पीड़ितों को न्याय दिला चुकी हैं। पहले वह पुलिस की सुरक्षा सखी रह चुकी हैं। नियुक्ति पर रीना ने कहा कि वे महिला सशक्तिकरण और संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहेंगी।

## जिला जयपुर प्रथम में शक्ति दिवस का आयोजन..



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम।** जिला जयपुर प्रथम में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।डॉ. शेखावत ने बताया कि बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

---

## पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

### ग्राम पंचायत देवता में शिविर का हुआ आयोजन, 577 ग्रामीण लाभान्वित, किया पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवता में मंगलवार को षिविर का आयोजन किया गया। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने बताया कि शिविर में कुल 577 ग्रामीण लाभान्वित हुये। वहीं एनसीडी कार्यक्रम के तहत शिविर में 30 वर्ष से अधिक उम्र के 286 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। जिनमें से एनसीडी के तहत बीपी व शुगर के 37 रोगी सम्भावित पाये गये। शिविर में युडीआईडी कार्ड के 05 आवेदन प्राप्त हुये। 04 ग्रामीणों की पीएमजेवाई की ई- केवाईसी की गई। साथ ही 04 ग्रामीणों को पीएमजेवाई कार्ड वितरित किये गये। वहीं 07 व्यक्तियों की टी.बी. रोग की पहचान हेतु स्क्रीनिंग की गई। 03 गर्भवती महिलाओं की एएनसी की जांचे की गई एवं 03 बच्चों का टीकाकरण किया गया। बीपीओ विजय तिवाड़ी ने बताया कि शिविर के समापन पर निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्टिंग की गई। इस मौके पर पौधारोपण भी किया गया।

---

### अधिवक्ता पर जानलेवा हमले का मामला ,जिला अभिभाषक संघ की बैठक आयोजित

## वकीलों ने कहा : नहीं हुई कड़ी कार्यवाही तो करेगें उग्र आन्दोलन, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किये जाने की मांग

### घटनाक्रम की कड़े शब्दों में निंदा, आरोपियान की पैरवी नहीं करने का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के आजाद चौक स्थित कचहरी परिसर में सोमवार को एक अधिवक्ता पर हुये जानलेवा हमले की घटना से अधिवक्ताओं में आक्रोश का माहौल है। उल्लेखनीय है कि सोमवार दोपहर कचहरी परिसर स्थित एसडीएम कोर्ट में एक मामले की पैरवी करने आये एड. प्रकाश चंद जाट पर पेजुका निवासी डालचंद पुत्र रामू जाट व कोयली पत्नी डालचंद एवं जाहिदपुरा निवासी बुधराम पुत्र तेजाराम जाट आदि ने 3-4 अन्य लोगों के साथ एकराय होकर जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें अधिवक्ता को गंभीर चोटें आई थी। जानकारी के अनुसार आरोपियान द्वारा अधिवक्ता पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया था। साथ ही गंदी एवं भद्दी गालियां भी दी थी। हमले में वकील को कई जगह चोटें भी आई थी। जिसे वहां मौजूद लोगों व वकीलों ने हस्तक्षेप करते हुये हमलावरों को रोका एवं घायल वकील को अस्पताल पहुंचाया। घटना के सम्बंध में स्थानीय पुलिस थाने में जानलेवा हमले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। लेकिन घटनाक्रम में कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिये है। वहीं दुसरी ओर घटना को लेकर अधिवक्ताओं में भी गहरा आक्रोश देखने को मिला। इस सम्बंध में जिला अभिभाषक संघ की बैठक न्यायालय परिसर में संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें घटना की कड़े शब्दों में निंदा व भर्त्सना की गई। तंवर ने कहा कि मामले में रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। अगर जल्द ही पुलिस ने कोई कड़ी कार्यवाही नहीं की तो मजबुरन आन्दोलन करना पड़ेगा। तंवर ने कहा कि ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृति ना हो, इसके लिये अधिवक्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना पड़ेगा। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी अधिवक्ता आरोपियों की पैरवी नहीं करेगा। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में मामले में कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुये जल्द से जल्द आरोपियान की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं की सुरक्षा की उचित व्यवस्था किये जाने की मांग की। वहीं एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द से जल्द लागू करने की मांग भी की गई। इस दौरान उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, सचिव हेमंत शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार सैनी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहें।



---

## 'सहकार से समृद्धि' की समीक्षा बैठक, सहकारी समितियों में 1 से 7 अक्टूबर के मध्य अनिवार्य रूप से हो आमसभा

### अभियान चलाकर पैक्स स्तर तक करें खाद-बीज की गुणवत्ता की जांच, 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारों में लाएं गति – सहकारिता मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि सहकारी समितियों में ऑडिट और आमसभा की कार्यवाही समयबद्ध रूप से सम्पन्न होनी चाहिए। आमसभा केवल औपचारिकता नहीं हो, बल्कि इसमें लोगों के सुझाव प्राप्त करने और नवाचारों की जानकारी देने पर फोकस किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान चलाकर पैक्स स्तर तक खाद-बीज की गुणवत्ता की जांच करने तथा विभाग में मॉनिटरिंग सिस्टम को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

दक मंगलवार को शासन सचिवालय के मंत्रालय भवन स्थित अपने कक्ष में 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों की आमसभा आयोजित करने के लिए 1 से 7 अक्टूबर तक की समयावधि निर्धारित कर सुनिश्चित किया जाए कि उक्त अवधि में शत प्रतिशत पैक्स की आमसभा अनिवार्य रूप से सम्पन्न हो। साथ ही, पैक्स के सूचना पटल में वर्णित जमाओं व अन्य संबंधित जानकारियों के विवरण के साथ आमसभा के फोटो भी मंगवाए जाएं। इससे सहकारी समितियों के कामकाज में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों के पास खाद-बीज विक्रय के लाइसेंस हैं, उनका आगामी दिनों में अभियान चलाकर आवश्यक रूप से निरीक्षण करवाया जाए। निरीक्षण के दौरान खाद-बीज की गुणवत्ता की जांच कर सुनिश्चित किया जाए कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप हों।



सहकारिता मंत्री ने पैक्स कम्प्यूटराइजेशन के कार्य में और गति लाने तथा गो-लाइव हो चुकी पैक्स को हैण्ड-होल्डिंग सर्टिफिकेट यथाशीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गो-लाइव हो चुकी पैक्स की ई-ऑडिट करवाई जाए। बैठक में अधिकारियों द्वारा बताया कि अब तक 5,301 पैक्स गो-लाइव हो चुकी है जबकि, 2,398 पैक्स को हैण्ड होल्डिंग प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक 713 पैक्स द्वारा ई-ऑडिट करवाई जा चुकी है। श्री दक ने बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन में अपेक्षित प्रगति हासिल करते हुए एनसीडी पोर्टल पर डेटा अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में पैक्स के गठन तथा निष्क्रिय सहकारी समतियों के अवसायन के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

दक ने विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अन्न भण्डारण योजना के अंतर्गत निर्मित किए जा रहे गोदामों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने तथा मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप इन्हें किराये पर देने की प्रक्रिया शुरु करने के निर्देश दिए। इससे पैक्स की आय में वृद्धि होगी। श्री दक ने कहा कि पैक्स द्वारा जन औषधि केन्द्र का संचालन करने से पूर्व उसकी व्यवहार्यता परखी जाए। उन्होंने कहा कि पैक्स द्वारा एफपीओ के साथ ही नये कस्टम हायरिंग सेंटर खोले जाने की दिशा में भी कार्य किया जाए। इससे उनकी अतिरिक्त आय हो सकेगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने नये गठित होने वाले पैक्स के लिए भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड की सदस्यता अनिवार्य किए जाने पर भी जोर दिया।

---

## भाजपा आज मनाएगी आपातकाल दिवस

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को आपातकाल विरोधी दिवस एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस का कार्यक्रम रणथंभौर सर्किल स्थित मैरिज गार्डन में दोपहर 11 बजे आयोजित होगा । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं मुख्य वक्ता के रूप में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा उपस्थित रहेगी, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर करेंगे ।कार्यक्रम संयोजक डॉ भरतलाल मथुरिया ने बताया कि कार्यक्रम में मीसाबंदी स्वतंत्रता सेनानियों का भी सम्मान किया जाएगा एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर संगोष्ठी भी होगी, कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व एवं वर्तमान जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, प्रकोष्ठ पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे ।

---


## कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उनियारा जिला टोंक

क्रमांक/संख्या/2025/703 | दिनांक : 16-06-2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

इच्छुक निविदादाताओं से वित्तीय वर्ष 2025-2026 में मशीन विद मैन सेवा उपापन हेतु निम्नानुसार मुहरबंद लिफाफे में खुली बोली पद्दति से दर संविदा निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. स. | विवरण | अनुमानित मूल्य | निविदा फार्म शुल्क | बोली प्रतिभूति राशि | | निविदा फार्म प्राप्त करने की अवधि | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मशीन विद मैन | 900000/- रुपए | 200/- रुपए | 18000/- रुपये | राजस्थान के लघु उद्योगों के मामले में निविदा मूल्य के 0.50 प्रतिशत के बराबर बोली प्रतिभूति जमा करवानी होगी। | 18.6.2025 से 25.6.2025 को दोपहर 03.00 बजे तक | 25.6.2025 को सांय 03.00 बजे तक | 26.6.2025 को प्रात: 11.00 बजे |

उपरोक्त निविदा संबंधी विस्तृत शर्तें sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर NIB Code. MH52526A1228-UBN-MA52526SS0B01245 देखी जा सकती है। किसी भी निविदा या उसके भाग को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी
उनियारा (टोंक)

# बढ़ता विचार

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## सम्पादकीय

# क्या अमीम मूनीर ने ही अमेरिका को दी थी ईरान के परमाणु ठिकानों की जानकारी?

यह पहली बार नहीं है कि जब पाकिस्तान ने अपने किसी सहयोगी की पीठ में ही छुरा घोंपा हो। 2022 में काबुल में जब 9/11 हमले का षड्यंत्रकारी अयमान अल जवाहिरी मारा गया था तब भी यह बात सामने आई थी कि पाकिस्तान ने ही उसकी गुप्त लोकेशन के बारे में अमेरिका को बताया था।

पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर की अमेरिका यात्रा से जुड़े तथ्य धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं जोकि काफी चौंकाने वाले हैं। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मुनीर के लंच से जुड़ी जो खबर पहले सामने आई थी उसमें कहा गया था कि अमेरिका ने ईरान पर हमले की स्थिति में पाकिस्तानी एअरबेस का उपयोग करने के मुद्दे पर बात की थी लेकिन अब जो बात सामने आ रही है वह काफी आश्चर्यजनक है। हम आपको बता दें कि कहा जा रहा है कि लंच कराने से पहले अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु संयंत्रों का नक्शा मुनीर को दिखाया गया और उनसे इस बात की पुष्टि करवाई गयी कि ईरान कहां पर परमाणु बम बना रहा है। इस मुलाकात के ठीक बाद ही अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने बंकर बलास्टर बम ईरान के परमाणु संयंत्रों पर गिराकर उसे तहस-नहस कर दिया था। इसलिए सवाल उठ रहा है कि अगर पाकिस्तान ने ही अमेरिका को ईरान के परमाणु ठिकानों के बारे में जानकारी लीक की थी तो इस्लामाबाद ने डबल गेम क्यों खेला? एक ओर वह अमेरिका को ईरान की खुफिया जानकारी मुहैया करा रहा था तो दूसरी ओर अमेरिकी हमले की निंदा करते हुए ईरान के साथ खड़ा होने की नौटंकी भी कर रहा था। हम आपको बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि जब पाकिस्तान ने अपने किसी सहयोगी की पीठ में ही छुरा घोंपा हो। 2022 में काबुल में जब 9/11 हमले का षड्यंत्रकारी और अल कायदा का प्रमुख अयमान अल जवाहिरी मारा गया था तब भी यह बात सामने आई थी कि पाकिस्तान ने ही उसकी गुप्त लोकेशन के बारे में अमेरिका को बताया था।

अमेरिका जानता है कि ईरान ही नहीं बल्कि कई और देश जो अपना परमाणु कार्यक्रम चला रहे हैं उन्हें किसी ना किसी तरह पाकिस्तान का सहयोग मिलता है। अमेरिका जानता है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम में भी पाकिस्तान मदद कर रहा है इसलिए वही एक ऐसा देश था जोकि ईरानी परमाणु ठिकानों के बारे में सही जानकारी दे सकता था। इसके लिए ट्रंप ने मुनीर के आगे एक नॉन वेज थाली क्या रखी वो सब कुछ उगलते चले गये। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान ने ही परमाणु तकनीक ईरान, लीबिया और उत्तर कोरिया तक पहुंचाई है। जिस तरह पाकिस्तान अपने परमाणु संपन्न देश होने का फायदा उठाते हुए परमाणु ब्लैकमेलिंग करता है और वित्तीय सहायता और राजनीतिक रियायतें लेता रहता है वैसा ही ईरान भी ना करने लगे इसके लिए अमेरिका और इजराइल उसे रोकना चाहते हैं।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 25 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 524 वेज़ेरोन्स की लड़ाई- फ्रैंक्स ने बरगंडियन को हराया।
- 841 फॉनटेनेय की लड़ाई- लुईस और चार्ल्स ने अपने भाई लोथरियस प्रथम को हराया।
- 1080 विबर्ट ऑफ रवेना को क्लेमेंट तृतीय के विरोधी पोप के रूप में चुना गया।
- 1096 प्रथम धर्मयुद्ध में वेरलिंगहोफेन, जर्मनी में यहूदियों का कत्लेआम।
- 1139 ऑउरिक की लड़ाई- अफोंसो हेनरिक्स (बाद में पुर्तगाल के अफोंसो प्रथम) ने मूर्स को हराया।
- 1183 होहेनस्टौफेन सम्राट फ्रेडरिक ढ्ढ बारबारोसा और इतालवी लोम्बार्ड लीग के बीच कोंस्टैंज की शांति पर हस्ताक्षर।
- 1243 सिनिबाल्डो देई फिस्ची को पोप इनोसेंटियस चतुर्थ के रूप में चुना गया।
- 1266 किंग हेनरी तृतीय की सेनाओं द्वारा केनिलवर्थ कैसल की घेराबंदी शुरू; यह 172 दिनों तक चली।
- 1298 रिंडफ्लेश उत्पीड़न- रोथेनबर्ग, जर्मनी में 250 यहूदियों की हत्या।
- 1483 इंग्लैंड के राजा एडवर्ड ङ्क को नाजायज घोषित किया गया।
- 1500 पोप अलेक्जेंडर VI ने ग्रेनेडा की संधि स्वीकार की।
- 1526 स्पायर की डाइट बुलाई गई, जिसने लूथरवाद को प्रचार करने की अनुमति दी।
- 1530 ऑग्सबर्ग स्वीकारोक्ति-जर्मन प्रोटेस्टेंट राजकुमारों ने लूथरन धर्मशास्त्र का कथन प्रस्तुत किया।
- 1580 कॉनकॉर्ड की पुस्तक, लूथरन चर्च के मानक, पहली बार प्रकाशित।
- 1607 सम्राट रुडोल्फ द्वितीय ने लिबेन की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1621 फ्रांसीसी सेना ने ला रोशेल में फोर्ट सेंट जीन डी'एंजेली पर कब्जा किया।
- 1630 गवर्नर विन्थ्रोप द्वारा फोर्क को अमेरिकी भोजन में शामिल किया गया।
- 1638 चंद्र ग्रहण अमेरिकी उपनिवेशों में दर्ज पहली खगोलीय घटना।
- 1646 थॉमस फेयरफैक्स की नई मॉडल आर्मी ने ऑक्सफोर्ड पर कब्जा किया।
- 1658 औरंगजेब ने स्वयं को भारत में मुगलों का सम्राट घोषित किया।
- 1672 अमेरिका में पहली मासिक क्वेकर बैठक सैंडविच, मैसाचुसेट्स में आयोजित।
- 1678 एलेना कॉर्नारो पिस्कोपिया को पडुआ विश्वविद्यालय से पीएचडी मिली, जो पहली महिला थीं।
- 1716 प्रिंस यूजेनियस ऑफ सेवॉय को ऑस्ट्रियाई नीदरलैंड का गवर्नर नियुक्त किया गया।
- 1749 मैसाचुसेट्स में सूखे के कारण जनरल उपवास।
- 1767 मैक्सिकन भारतीयों ने जेसुइट पादरियों के निर्वासन के खिलाफ दंगा किया।
- 1788 वर्जीनिया अमेरिकी संविधान को मंजूरी देने वाला 10वां राज्य बना।
- 1794 फ्रांसीसी सैनिकों ने चार्लेरोई पर कब्जा किया।
- 1798 अमेरिका ने एलियन एक्ट पारित किया।

## विशेष आलेख

# 25 जून:आपातकाल की घोषणा / संविधान हत्या दिवस



प्रो. आरके जैन

### संविधान पर लगे ताले: 1975 का आपातकाल

**आपातकाल की कहानी महज एक तारीख या घटना नहीं, बल्कि एक गहन राजनीतिक, सामाजिक और नैतिक संकट का चरम थी। 1970 के दशक के मध्य में भारत आर्थिक अस्थिरता, बेरोजगारी, आसमान छूती महंगाई और व्याप्त भ्रष्टाचार की आग में झुलस रहा था। जनता का आक्रोश सड़कों पर उमड़ रहा था। इस बीच, जयप्रकाश नारायण (जेपी) 'संपूर्ण क्रांति' के नारे ने इस असंतोष को एक जनांदोलन का रूप दे दिया।**

25 जून 1975 की रात कोई मामूली रात नहीं थी— यह वह घड़ी थी, जब स्वतंत्र भारत के मस्तक पर अमिट काला धब्बा लगा। यह वह पल था, जब लोकतंत्र की नींव डगमगा उठी, और करोड़ों भारतीयों के सपनों को सलाखों में जकड़ दिया गया। सत्ता के गलियारों में लिया गया एक फैसला न सिर्फ संविधान को ललकारता था, बल्कि भारत की आत्मा को लहूलुहान करता था। यह आपातकाल की घोषणा थी— एक ऐसा निर्णय, जिसने अभिव्यक्ति को कुचल डाला, स्वतंत्रता को बेड़ियों में जकड़ा, और जनता की आवाज को क्रूरता से दबा दिया। उस रात भारत ने देखा कि कैसे एक जीवंत लोकतंत्र, चंद घंटों में निरंकुशता की काली छाया में समा सकता है।

आपातकाल की कहानी महज एक तारीख या घटना नहीं, बल्कि एक गहन राजनीतिक, सामाजिक और नैतिक संकट का चरम थी। 1970 के दशक के मध्य में भारत आर्थिक अस्थिरता, बेरोजगारी, आसमान छूती महंगाई और व्याप्त भ्रष्टाचार की आग में झुलस रहा था। जनता का आक्रोश सड़कों पर उमड़ रहा था। इस बीच, जयप्रकाश नारायण (जेपी) 'संपूर्ण क्रांति' के नारे ने इस असंतोष को एक जनांदोलन का रूप दे दिया, जो सत्ता के खिलाफ देशव्यापी विद्रोह का प्रतीक बन गया। दूसरी ओर, 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाई कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, जिसने इंदिरा गांधी के 1971 के रायबरेली चुनाव को अवैध ठहराया, ने उनकी सत्ता को सीधे चुनौती दी। राजनीतिक अस्थिरता और व्यक्तिगत संकट का यह तूफान आपातकाल की भूमिका रच गया। यह वह दौर था, जब सत्ता का अहंकार लोकतंत्र पर भारी पड़ गया, और भारत ने अपनी आजादी की कीमत को सबसे काले अध्याय में महसूस किया।

25 जून 1975 की रात, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल की घोषणा करवाई—एक ऐसा कदम, जिसने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास को अंधेरे में धकेल दिया। आधिकारिक तौर पर इसे 'आंतरिक अशांति' का हवाला देकर लागू किया गया, पर हकीकत में यह सत्ता के सिंहासन को बचाने की नंगी रणनीति थी। रातोंरात संविधान के मौलिक अधिकार—अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, व्यक्तिगत आजादी, और संगठन बनाने का हक—छीन लिए गए। प्रेस पर लोहे की सेंसरशिप की बेड़ियां डाल दी गईं; समाचार पत्रों को सरकारी मंजूरी के बिना एक शब्द छापने की इजाजत नहीं थी। कई अखबारों ने विरोध में अपने पन्ने खाली छोड़ दिए, जो उस दौर के मूक लेकिन सशक्त विद्रोह का प्रतीक बन गए। यह रात न केवल सत्ता के अहंकार की गवाही थी, बल्कि लोकतंत्र के गला घोंटने की क्रूर साजिश का भी जीवंत दस्तावेज थी।

आपातकाल की पहली सुबह सूरज उगा, मगर लोकतंत्र पर अंधेरा गहरा चुका था। रातों-रात विपक्षी नेताओं पर सत्ता का हथौड़ा चला—जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई और जॉर्ज फर्नांडिस जैसे दिग्गजों को बिना अपराध जेल की सलाखों में ठूंसा गया। आधिकारिक आंकड़े चीख-चीखकर बताते हैं कि करीब 1.4 लाख लोगों को बिना मुकदमे के हिरासत में डाल दिया गया। मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट (एमआईएसए) को हथियार बनाकर असहमति की हर आवाज को बेरहमी से कुचल दिया गया। नौकरशाही और पुलिस तंत्र सत्ता के गुलाम बन गए, सरकार के इशारों पर नाचने लगे। न्यायपालिका भी दबाव की बेड़ियों में जकड़ी थी—1976 का सुप्रीम कोर्ट का एडीएम जबलपुर फैसला, जिसमें हिरासत के खिलाफ अपील का अधिकार छीन लिया गया, इस काले दौर का सबसे शर्मनाक और विवादास्पद दाग बन गया। यह वह समय था जब सत्ता का अहंकार हर संस्था को रौंदता हुआ, भारत की आत्मा को लहूलुहान कर रहा था।

इस कालखंड में सत्ता का एक नया केंद्र उभरा — इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी। बिना किसी संवैधानिक पद के, उन्होंने देश की नीतियों को अपने इशारों पर नचाया, मानो लोकतंत्र उनका निजी साम्राज्य हो। उनकी तथाकथित 'पंचसूत्री' योजना और क्रूर नसबंदी अभियान ने देशभर में दहशत का आलम पैदा कर दिया। सरकारी आंकड़े चीखकर बताते हैं कि 1975-77 के बीच करीब 83 लाख नसबंदी ऑपरेशन किए गए, जिनमें से अधिकांश जबरन और अमानवीय तरीकों से थोपे गए। दिल्ली के तुर्कमान गेट जैसे इलाकों में झुग्गी-झोपड़ियों को बुलडोजरों से रौंद दिया गया, जिसने हजारों गरीबों को बेघर कर सड़कों पर ला पटका। यह सब 'राष्ट्रीय अनुशासन' और 'जनसंख्या नियंत्रण' के झूठे आवरण में किया गया, पर हकीकत में यह सत्ता के अहंकार और दुरुपयोग का घिनौना प्रदर्शन था। संजय गांधी का यह अनियंत्रित शासन लोकतंत्र पर एक तमाचा था, जिसने भारत के आमजन की आत्मा को कुचलकर रख दिया।

25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक के 21 महीनों के आपातकाल ने भारत को एक ऐसे देश में तब्दील कर दिया, जहां डर और खामोशी की काली छाया ने हर दिल को जकड़ लिया था। सत्ता का लोहा हर सांस पर भारी पड़ रहा था, मगर इस घनघोर अंधेरे में भी उम्मीद की किरणें चमक रही थीं।

# विश्व युद्ध की आशंका से हिंसा का महाप्रलय



संजीव ठाकुर

**इसराइल पर हमास ने आतंकवादी हमला कर 1200 लोगों की जान ले ली उसे आतंकवादी हमले के जवाब में**

**इजरायल हमास तथा गाजा पट्टी को समूल नष्ट करने पर उतारू है और वर्तमान स्थिति में इजरायल ईरान और अमेरिका के महायुद्ध ने वैश्विक परिदृश्य में पूरी दुनिया को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु ईंधन संग्रहण ठिकानों पर बुरी तरह से हमला करके ईरान इजरायल युद्ध में आग में घी का काम कर दिया।**

विश्व युद्ध की आशंका से पूरी दुनिया की मानवता पूरी तरह से सहमी हुई है। रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास-फिलिस्तीन युद्ध और अब इसराइल ईरान अमेरिका का भयावह संग्राम पता नहीं पृथ्वी और उसके निवासियों को किस अशांति और हिंसा की दिशा में ले जाएगा ? भारत ने पहलगाम में आतंकवादी हमले से 27 निरीह लोगों की हत्या के परिणाम स्वरूप जवाबी कार्रवाई पर ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों तथा लगभग 21 हवाई ठिकानों को नष्ट करना पड़ा तब जाकर पाकिस्तान घुटनों पर आया और संधि वार्ता के लिए रहम की भीख मांगता रहा। इसराइल पर हमास ने आतंकवादी हमला कर 1200 लोगों की जान ले ली उसे आतंकवादी हमले के जवाब में इजरायल हमास तथा गाजा पट्टी को समूल नष्ट करने पर उतारू है और वर्तमान स्थिति में इजरायल ईरान और अमेरिका के महायुद्ध ने वैश्विक परिदृश्य में पूरी दुनिया को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु ईंधन संग्रहण ठिकानों पर बुरी तरह से हमला करके ईरान इजरायल युद्ध में आग में घी का काम कर दिया, जवाब में ईरान ने इजरायल के 14 शहरों में अपनी बैलिस्टिक टारगेटेड मिसाइल से हमला करके अपनी युद्ध नीति के जारी रखने की नियत को स्पष्ट कर दिया है। अमेरिका के इजरायल की तरफ से ईरान पर अनावश्यक आक्रमण से ईरान की तरफ से अब उत्तर कोरिया, रूस और चीन भी इस महासंग्राम में शामिल होते दिखाई दे रहे हैं। दूसरी तरफ रूस ने यूक्रेन पर अपनी विस्तारवादी सनक के कारण ताबड़तोड़ हमले किये, ताजा स्थिति में जब यूक्रेन के सैकड़ो ड्रोन अटैक से उसके कई फाइटर जेट नष्ट हुए हैं। नतीजतन रूस ने भी यूक्रेन पर लगातार श्रृंखला में आक्रमण शुरू कर दिया है। किसी देश की विस्तारवादी लालसा को भी आतंकवाद की श्रेणी में रखा जा सकता है,

अपनी भौगोलिक सीमाओं को आगे ले जाना और अपनी देश की पड़ोसी देश की इच्छा के विरुद्ध उसे पर हमला करना भी एक तरह का राजनीतिक आतंकवाद ही है। इन सब के प्रणाम स्वरूप विश्व युद्ध को विकल्प के तौर पर नहीं माना जाना चाहिए विश्व युद्ध मानवता के लिए एवं मानवीय जगत के लिए अभिशाप भी माना जाता है। हमलायुद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और लाखों फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है।युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती नजर आ रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



श्रीमती कल्पना अग्रवाल
(जिला कलक्टर जिला मजिस्ट्रेट-टोंक)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं टोंक की नई जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल। 3 मई सन 1968 राजस्थान के सिरोही में जन्मी कल्पना अग्रवाल शुरू से ही बेहतरीन शिक्षा के माध्यम से कुछ कर दिखाना चहाती थीं। ऐसे में एम.ए करने के बाद राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ और आज आईएएस होकर जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक पद को सुशोभित कर रही हैं। र्स्वप्रथम ये सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट अंडर ट्रेनिंग पाली रही। इसके बाद सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट, पाली। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट, बिलाड़ा जोधपुर। उप.मंडल अधिकारी, सोजत पाली। उप.मंडल अधिकारी, पोखरण जैसलमेर। उप.मंडल अधिकारी, पीपाड़ सिटी जोधपुर। उप.मंडल अधिकारी, पाली। जिला आपूर्ति अधिकारी, उदयपुर। एसआर प्रबंधक, आरएसएमएमएल उदयपुर। उप निदेशक, स्थानीय निकाय क्षेत्रीय उदयपुर। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट, पाली। उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक, जोधपुर। एडीएम एलसी जोधपुर। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वितीय जोधपुर। उप निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, कोटा। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट शहर कोटा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कोटा। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, कोटा। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जयपुर प्रथम। संयुक्त शासन सचिव, सहायता विभाग, जयपुर। निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, राजस्थान जयपुर। विशेषाधिकारी, अनूपगढ़। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अनूपगढ़। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, कोटपूतली-बहरोड़ रही। बहुत शानदार अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारी से बहुत कुशल व्यवहार व उच्चाधिकारी के साथ अच्छे समन्वय के कारण जहां भी रहीं जनता का प्रेम और स्नेह मिला। कर्म में सैदव विश्वास रखने वाली अधिकारी हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण — बढ़ता राजस्थान

# अद्वितीय वीरता के प्रतीक थे नाना साहेब पेशवा, मराठा साम्राज्य का लिखा था स्वर्णिम अध्याय

बता दें कि बालाजी ने पेशवा शासन को संगठित करने का काम किया और स्थानीय सरदारों के साथ संगठन बनाकर मराठा प्रशासन को मजबूत करने का काम किया। पानीपत की तीसरी लड़ाई 1761 में मराठों को अहमद शाह अब्दाली की अफगान सेना से बड़ी हार मिली।

मराठा साम्राज्य का इतिहास वीर गाथाओं से भरा पड़ा है। इन्हीं में से एक बालाजी बाजीराव हैं, जिनको नाना साहेब पेशवा के नाम से भी जाना जाता है। नाना साहेब पेशवा ने अपने 21 साल के शासनकाल में मराठा साम्राज्य को दक्षिण से तमिलनाडु और उत्तर से पंजाब तक फैलाया था और भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अध्याय लिखा। उन्होंने अपने कुशल प्रशासक, दूरदर्शी कूटनीतिज्ञ और साहसी योद्धा के तौर पर मराठा शक्ति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाया था। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर नाना साहेब पेशवा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...बालाजी बाजीराव यानी की नाना साहेब पेशना का जन्म 08 दिसंबर 1720 को हुआ था। पिता पेशवा बाजीवार प्रथम की मृत्यु के बाद 1740 में नाना साहेब को पेशवा नियुक्त किया गया था। बालाजी ने अपने 21 साल के शासनकाल में मराठा शक्ति को राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, मालवा और बंगाल तक मजबूत किया था। फिर मुगल साम्राज्य की कमजोरी का लाभ उठाकर नाना साहेब पेशवा ने मराठाओं को उत्तर भारत को प्रमुख शक्ति बनाया।बता दें कि बालाजी ने पेशवा शासन को संगठित करने का काम किया और स्थानीय सरदारों के साथ संगठन बनाकर मराठा प्रशासन को मजबूत करने का काम किया। पानीपत की तीसरी लड़ाई 1761 में मराठों को अहमद शाह अब्दाली की अफगान सेना से बड़ी हार मिली। इस हार ने मराठा साम्राज्य को कमजोर किया, इससे बालाजी बाजीराव को गहरा आघात पहुंचाया। वह इस हार को बर्दाश्त नहीं कर सके और शारीरिक और मानसिक रूप से टूट गए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

**वृष**
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

**मिथुन**
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

**कर्क**
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

**सिंह**
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

**कन्या**
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

**तुला**
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

**वृश्चिक**
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

**धनु**
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

**मकर**
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

**कुंभ**
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

**मीन**
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

सफलता की कहानी

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर में मथरा देवी एवं किमत राज को मिला मकान का आवासीय पट्टा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुआई में राज्य की संवेदनशील, पारदर्शी, जवाबदेही सरकार जनकल्याण की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाएं जन-जन तक आसानी से पहुंचाने में जुटी हुई है। इसी क्रम में मंगलवार को टोंक उपखंड की ग्राम पंचायत बरोनी में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मथरा देवी पत्नी राधाकिशन जाट को 20 वर्षों के बाद मकान का आवासीय पट्टा जिला प्रमुख सरोज बंसल, विकास अधिकारी सविता राठौड़ एवं शिविर प्रभारी रतन लाल मीणा ने दिया। मथरा देवी ने शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर बताया कि उनके पति के देहांत के बाद वे अकेली रहती है एवं मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही है। परिवार से अलग रहने के कारण उन्होंने यह मकान अपने हाथों से बनाया है। अब वह स्वयं के नाम से पट्टा बनवाना चाहती है। उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया के निर्देश पर शिविर प्रभारी ने मथरा देवी को तत्काल मकान का पट्टा देकर शिविर में लाभ प्रदान किया। इस तरह उपखंड देवली की ग्राम पंचायत देवड़ावास में आयोजित शिविर में ग्राम देवपुरा निवासी किमत राज मीणा को उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा, प्रधान बनवारी जाट ने मकान का आवासीय पट्टा जारी कर लाभान्वित किया। पट्टा मिलने पर किमत राज ने बताया कि आज उन्हें मालिकाना हक प्राप्त हुआ है। साथ ही, वक्त पड़ने पर अब बैंक से लोन भी आसानी से मिल सकेगा। शिविर में काम होने पर मथरा देवी एवं किमत राज मीणा बहुत खुश हुए और उन्होंने राज्य सरकार और उपखंड प्रशासन को इन शिविरों के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।



### रिकॉर्ड में विगत 17 वर्षों से दर्ज गलत जाति का शुद्धिकरण किया

**इसी प्रकार उपखंड उनियारा की ग्राम पंचायत कुंडेर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में महिला किसान अन्दोक पत्नी रामदयाल जाट ने शिविर प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि जमाबंदी में उसकी एवं सह खातेदारों की जाति गलत दर्ज है जिसको सही किया जाएं। शिविर में तहसीलदार प्रवीण सैनी ने पटवारी एवं गिरदावर को निर्देश दिए कि प्रार्थी की जमाबंदी में गलत दर्ज हुई जाति की जांच कर सही करें। तहसीलदार के निर्देश पर गिरदावर एवं पटवारी ने परिवादी अन्दोक एवं सह खातेदार की जाति को जमाबंदी में सही कर उसे शुद्ध किया।**



## जिला कलक्टर का डिग्गी में हुआ जोरदार स्वागत

# कल्याणधणी के दर्शन किए, की सुख समृद्धि की कामना

### मन्दिर ट्रस्ट, जैन समाज सहित अन्य संस्थाओ ने किया स्वागत

### कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रथम बार आने पर उपखण्ड अधिकारी ने की अगवानी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा उपखण्ड की सुविख्यात धर्मिक नगरी डिग्गी में कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के पहुंचने पर अगवानी व जोरदार स्वागत के बाद कल्याण जी महाराज के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। मंगलवार को जिला कलक्टर का कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे ही दिन जिले की नई कलक्टर कल्पना अग्रवाल डिग्गी पहुंची। जिला कलक्टर के डिग्गी पहुंचते ही उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने नायब तहसीलदार हंसराज जाट व डिग्गी थानाघिकारी सत्यनारायण चौधरी, सहित अन्य अधिकारियो के साथ जिला कलक्टर की अगवानी की। यहां से जिला कलक्टर श्री कल्याण जी महाराज कें मन्दिर पहुंची। यहां कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कल्याण जी महाराज के दर्शन किए। पुजारीयो ने जिला कलक्टर से पूर्ण विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई। यहां उपखण्ड अधिकारी ने कल्याण जी महाराज का चित्र भेंट कर जिला कलक्टर का अभिनन्दन किया। मन्दिर दर्शनो के बाद बाहर निकलने पर पुलिस रक्षा दल के सदस्य सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य डिग्गी वासियो ने व इससे आगे जैन समाज व अन्य संस्थाओ ने जिला कलक्टर का मालाऐं पहना कर, पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा कल्याण जी महाराज का चित्र भेंट कर स्वागत किया।

# एसीबी का गंगापुर सिटी में एक्शन, 75 हजार की रिश्वत लेते पंजीयन बाबू व एडवोकेट गिरफ्तार, मचा हड़कंप

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के गंगापुर सिटी जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की धड़ाधड़ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। जिला मुख्यालय के बाद अब गंगापुर सिटी उपखण्ड मुख्यालय पर सोमवार शाम करीब पांच बजे तहसील में पंजीयन बाबू तथा एडवोकेट को एसीबी ने रंगे हाथों धर दबोचा। इससे तहसील प्रशासन ही नहीं, अन्य कार्यालयों में भी हड़कम्प मच गया। एसीबी ने तहसील कार्यालय के गेट बंद कर कार्रवाई को अंजाम दिया। सवाईमाधोपुर एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञानसिंह चौधरी ने बताया कि आरोपी यूडीसी जय शर्मा तथा एडवोकेट हरिप्रसाद शाक्यवाल को गिरफ्तार किया है। एएसपी चौधरी ने बताया कि परिवादी ने उनसे एक सप्ताह पहले सम्पर्क किया था।

### 1 लाख की मांगी रिश्वत

परिवाद में बताया कि उसकी जमीन की रजिस्ट्री करने के बदले एक लाख रुपए की मांग की जा रही थी। उसका सौदा 75 हजार रुपए में तय हुआ। इस संबंध में एक सप्ताह से आरोपियों से नजर रखी जा रही थी। सोमवार को राशि देने का तय हुआ था। शाम को राशि देते ही तहसील कार्यालय में दोनों को रंगे हाथों दबोच लिया। हालांकि तहसीलदार की भूमिका की जांच की जा रही है।



### गेट बंद कर कार्रवाई करने से बना रहा असमंजस

तहसील कार्यालय में रुटीन कार्य चल रहा था। करीब पांच बजे एकाएक कार से एसीबी की टीम पहुंची और गेट बंद कर सभी को बाहर जाने से रोक दिया। बाद में पूछताछ कर कई कार्मिकों को जाने दिया। बंद कमरे में कार्रवाई करने से यह चर्चा फैल गई कि एसीबी ने कई कार्मिकों को एक साथ दबोचा है।

# कमलेश पारीक दूसरी बार बने ईच्छापूर्ण बालाजी महाराज मंदिर समिति के अध्यक्ष

### मंदिर निर्माण व विकास के कार्यो को लेकर बैठक 30 जून को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** बापू नगर में स्थित ईच्छापूर्ण बालाजी महाराज मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्व सम्मति से मंदिर समिति के अध्यक्ष के पद पर लगातार दूसरी बार कमलेश पारीक को मनोनीत किया गया। नावनियुक्त अध्यक्ष कमलेश पारीक ने सर्व सम्मति से कार्यकारणी का विस्तार करते हुए कार्यकारणी में कोषाध्यक्ष के पद पर सूरजमल जाट, सचिव हंसराज शर्मा रजवास, उपध्यक्ष दिनेश मंगल, आशीष जायसवाल, सीताराम राजवंशी व रामधन परिडवाल, सह सचिव के पद पर मनोज सबनानी, गिरधारीलाल माछलपुरिया व गणेश विजय, प्रचार मंत्री रामधन रिजवानिया, संरक्षक के पद पर जगदीशप्रसाद स्वामी, हनुमान यादव व भागीरथ पारीक को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार कार्यकारणी में सदस्य के रूप में श्रवणलाल जाट, रामकिशोर गुर्जर, बिरजूसिंह राजावत, महेश पारीक, कैलाश चन्द जैन, रमेशचन्द मीणा, रामसहाय वर्मा, मुकेश चौधरी, राकेश गौड, गिर्राज मीणा व जितेद्र दाधीच का मनोनीत किया गया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष व नवीन कार्यकारणी को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष पारीक ने बताया कि बैठक में मंदिर विकास व निर्माण हेतु चर्चा की गई एवं मंदिर विकास के लिए मौजूद पदाधिकारियों को तन, मन व धन से सहयोग करने का आह्वान किया गया। नवनियुक्त कोषाध्यक्ष सूरजमल जाट व सचिव हंसराज शर्मा रजवास ने बताया कि 30 जून को ईच्छापूर्ण बालाजी महाराज के मंदिर में नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश पारीक की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित होगी। जिसमें मंदिर निर्माण व विकास के कार्यो सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की जाएगी।



# पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल महाअभियान के अन्तर्गत लगने वाले शिविर हुए शुरू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में राजस्व विभाग व जिला कलक्टर के निर्देशानुसार मंगलवार से पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल महाअभियान के अन्तर्गत लगने वाले शिविरो की शुरूआत ग्राम पंचायत सिंधोलिया से हुई। उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार के राजस्व विभाग के निर्देशानुसार व जिला कलक्टर के आदेशो पालना में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल महाअभियान के अन्तर्गत पंचायत वार लगने वाले शिविरो का शुभारम्भ ग्राम पंचायत सिंधोलिया से हुआ। चौधरी ने बताया कि सिंधोलिया के अलावा मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय राजपुरा, व कांटोली भी शिविरो का आयोजन हुआ। शिविरो के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को बागड़ी, मोरला व आंटोली में, 26 जून को इन्दौली, झाड़ली व देवल में, 27 जून को कचोलिया, कुराड़ व नगर में, 30 जून को आवड़ा, पारली, व पचेवर में, 1 जुलाई को गणवर, बरोल व मलिकपुर में, 2 जुलाई को देशमां, चावण्डिया व किरावल में, 3 जुलाई को चेनपुरा, सीतारामपुरा व सोड़ा बावड़ी में, 4 जुलाई को सोड़ा, धोली व लावा में, 7 जुलाई को चबराना, कड़ीला व कलमण्डा में, 8 जुलाई को चांदसेन व रिण्डलिया बुजुर्ग में, 9 जुलाई को टोरड़ी, तिलांजू व डूंगरीकला में शिविरो का आयोजन होगा।

# बालिका खेल चयन स्पर्द्धा कल से

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा संचालित आवासीय बालिका खेल संस्थान की चयन स्पर्धा का आयोजन महाराणा भोपाल स्टेडियम, गांधी ग्राउण्ड, चेटक सर्किल, उदयपुर में 26 जून, 2025 को किया जाएगा। इसमें एथलेटिक्स 25 खिलाड़ी, तीरन्दाजी 15 खिलाड़ी, जुडो 10 खिलाड़ी, कबड्डी 20 खिलाड़ी, बास्केटबॉल 20 खिलाड़ी (अन्य विभिन्न खेलों 10 खिलाड़ियों को जिन्होनें ने कम से कम जूनियर प्रतियोगिताओं में गत 2 वर्षों से मेडल प्राप्त किया हो, उन खिलाड़यों का भी चयन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी अब्दुल वहीद ने बताया कि आवासीय बालिका खेल संस्थान विद्याद्यर नगर, स्टेडियम, जयपुर के लिए 30 जून, 2025 को सवाई मानसिंह स्टेडियम में चयन स्पर्द्धा का आयोजन किया जाएगा इस चयन स्पर्द्धा में एथलेटिक्स 25 खिलाड़ी, बॉक्सिंग 10 खिलाड़ी, वेटलिफ्टिंग 10 खिलाड़ी, कबड्डी 20 खिलाड़ी अन्य विभिन्न खेलों 10 खिलाड़ियों को जिन्होनें ने कम से कम जूनियर प्रतियोगिताओं में गत 2 वर्षो से मेडल प्राप्त किया हो, उन खिलाड़यों का भी चयन किया जायेगा।

# संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** दूदू रोड स्थित होटल लखदातार में भाजपा शहर मंडल के तत्वावधान में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन ने विकसित भारत के अमृत काल के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जैन ने 11 वर्षो की उपलब्धियो को भाजपाईयो के सामने रखकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। अंत में भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यशाला में महामंत्री कन्हैयालाल शर्मा, सुनील सैनी सहित अन्य कई भाजपाई मोजुद रहे।



# एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को महेश सेवा सदन में किशोरी बालिकाओ के जीवन कौशल प्रजनन एवं योग स्वास्थ्य को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। शाखा प्रभारी प्रहलाद जाट ने बताया कि प्रशिक्षण को मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने सम्बोधित किया। सोनी ने इस मौके पर कहा कि बालिकाऐं स्वस्थ रहेगी तो घर परिवार व देश भी स्वस्थ रहेगा। क्योंकि एक बालिका पर दो परिवार निर्भर रहते हैं। बालिका की शादी से पहले माता पिता का परिवार व शादी के बाद पति का परिवार निर्भर रहता है इसलिए बालिकाओं के स्वस्थ रहना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दोरान शाखा प्रभारी प्रहलाद जाट, जगदीश शर्मा सहित अन्य कई विषय विशेषज्ञो ने विचार प्रकट किए। इस दौरान किशोरी बालिका योजना के अन्तर्गत चसनित बालिकाओ को चेक वितरित किए गए।




# बाघों की पहली पसंद रणथंभौर, राजस्थान के अन्य टाइगर रिजर्व को भी रणथम्भौर दिला रही पहचान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** देश में बाघों की नगरी के नाम से ख्यातनाम रणथम्भौर को बाघों की नर्सरी के नाम से भी जाना जाता है। सही मायने में रणथम्भौर ने प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व को भी बाघ-बाघिनों से आबाद किया है। यदि आंकड़ों की बात करें तो अब तक 22 बाघ-बाघिन प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व में शिफ्ट किए जा चुके हैं। ऐसे में रणथम्भौर को ही प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व को जीवनदायिनी कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

### रणथम्भौर से ट्रान्सफर का नया ठिकाना बना 'मुकुन्दरा'

सबसे पहले टाइगर रिलोकेशन का काम 2008 में शुरू किया था। जब विभाग की ओर से बाघ विहीन हो चुके सरिस्का में एक बार फिर से बाघों को बसाने के लिए रणथम्भौर से बाघ-बाघिन को शिफ्ट किया गया था।

### बायोलॉजिकल पार्क में भी शिफ्टिंग

रणथम्भौर से प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व के अलावा दो बाघों को बॉयोलोजिकल पार्क में भी शिफ्ट किया गया। सबसे पहले 2015-16 में रणथम्भौर में चार लोगों की जान लेने वाले बाघ टी-24 यानि उस्ताद को उदयपुर के सज्जनगढ़ बॉयोलोजिकल पार्क में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद रणथम्भौर के खूंखार बाघ टी-104 को भी बॉयोलोजिकल पार्क में शिफ्ट किया गया था।



### शिफ्टिंग के रहे अलग-अलग कारण

सरिस्का सहित मुकुंदरा और रामगढ़ विषधारी एवं अब धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व को आबाद करने में रणथम्भौर का ही योगदान है। हालांकि कुछ बाघ-बाघिनों को खूंखार होने के कारण यहां से शिफ्ट किया गया।

### बाघ टी-115 पहुंचा रामगढ़ विषधारी रिजर्व

बूंदी के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में अब तक बाघिन टी-102, टी-119 एवं हाल ही एरोहैड की मादा शावक को शिफ्ट किया है। इसके अलावा बाघ टी-115 स्वयं ही रणथम्भौर से निकलकर रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व पहुंच गया था।

### सरिस्का में शिफ्ट किए 11 बाघ-बाघिन

**इस बारे में वन अधिकारियों ने बताया कि 2008 से अब तक रणथम्भौर से सरिस्का में कुल 11 बाघ-बाघिनों को शिफ्ट किया गया है। इसमें साल 2009 में सरिस्का में रणथम्भौर से पांच बाघ-बाघिनों को शिफ्ट किया गया था। वहीं 2010 में दो बाघों को भेजा गया था। वहीं 2018 में एक बाघ को रणथम्भौर से सरिस्का भेजा गया था, जहां पर उसकी मौत हो गई थी। इसके अलावा तीन अन्य बाघ-बाघिनों को भी सरिस्का शिफ्ट किया गया था।**

### मुकुंदरा में 6 बाघ-बाघिनों को भेजा

रणथम्भौर से मुकुंदरा में अब तक छह बाघ-बाघिनों को शिफ्ट किया गया है। हाल ही बाघिन एरोहैड की एक मादा शावक को शिफ्ट किया गया है। इसके अलावा पूर्व में एक बाघ टी-95 स्वयं ही रणथम्भौर से निकलकर मुकुंदरा में पहुंच गया था।

# सफाई व्यवस्था की खुली पोल, लाखों के बजट के बाद भी कस्बे में लगा गंदगी का अंबार,पार्कों के हालत भी बद से बदतर

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** नगरपालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। कस्बे में जगह-जगह कचरे के ढ़ेर लगे हुए हैं। नगरपालिका ने जहां लाखों रुपए सफाई व्यवस्था के नाम पर खर्च कर रही है वहीं कस्बे में स्वच्छ भारत मिशन की पोल खुलती नजर आ रही है। स्थानीय वाशिंदों का कहना है कि हम शिकायत लेकर नगरपालिका में जाते है तो अधिशाषी अधिकारी मिलते है नहीं, तो हम शिकायत कहां करें। कस्बे के बारलाबास, सराय बाजार, मानसरोवर कॉलोनी, गंगाबाग, तबेला गेट सहित अनेक जगहों पर सड़क किनारे कचरे का ढेर जमा है। वहीं नाले कचरे से अटे पड़े है। जगह-जगह नालों में कचरा भरा होने से नालों का गंदा पानी सड़कों पर आ रहा है। बारिश के मौसम में तो राहगीरों को सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। मानसरोवर निवासी दीपचंद सैनी ने बताया कि उनके कॉलोनी में नाले में कचरा भरा हुआ है अनेक बार शिकायत करने के बाद भी सफाई नहीं हो रही। सफाई नहीं होने के कारण बिमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। नगरपालिका कर्मचारी सफाई करने आते हैं तो आधी-अधूरी सफाई करके कचरा नाली के किनारे पटक जाते हैं जिससे कचरा वापस उड़कर नालियों में चला जाता है।



### इनका कहना

नगरपालिका के सफाई कर्मचारीयों द्वारा वार्डों में सफाई की जा रही है। कस्बे में नालों की सफाई की गयी है। पार्कों में लगें फव्वारे बंद है उसको दिखवाया जा रहा है वही वाहनों द्वारा कचरा संग्रहण किया जा रहा है। वही कचरा संग्रहण हेतु वाहनों की कमी है। करीब सात या आठ वाहन और नगरपालिका को चाहिए।

जगदीश खीचड़, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका राजगढ़

### पार्कों के भी हालत बद से बदतर

नगरपालिका में लाखों रुपए का बजट सफाई के नाम पर खर्च कर रहा है। जबकि शहर में सफाई व्यवस्था कहीं दिखाई ही नहीं दे रही है वही हालत कस्बे के पार्को के भी है। कस्बे के गांधी पार्क, नेहरू पार्क मे कचरा फैला हुआ है। कस्बे के गाँधी पार्क तो शराबियों का अड्डा बना हुआ। वहां करीब छः माह से हाई मास्क लाइट भी नहीं है। वही कस्बे के नेहरू पार्क, मेला का चौराहा ज्योतिबा फूले पार्क में लाखों रुपए खर्च करके फव्वारे लगाएं गए थे वो भी बंद पड़े हैं।

### कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंच रहे वार्डो मे

वही नगरपालिका द्वारा कचरा संग्रहण वाहन लगाए हुए है जो की कुछ ही स्थानों या मार्केट से ही कचरे का संग्रहण करते हैं। सभी वार्डो मे से कचरा नहीं उठा रहे। नगरपालिका के हालत तो ऐसे है जहाँ डस्टबिन लगाए हुए है वो या तो भरे पड़े हुए है या उन्ही के बाहर कचरा फैला हुआ है। वही बरसात के मौसम मे बिमारियों का खतरा पनप रहा है।

### केंद्रीय मंत्री ने नगरपालिका को नगरपरिषद करवाने की बात कही

देखा जाए तो नगरपालिका की साफ सफाई व्यवस्था को तो नगरपालिका नहीं नरकपालिका कहना है उचित होगा। वही केंद्रीय मंत्री नगरपालिका को नगर परिषद करवाने का आश्वासन देकर गए थे लेकिन जिस तरह से नगरपालिका के हालत है तो नगर परिषद बनने से कस्बे की व्यवस्था कितनी सुधरेगी या बिगड़ेगी ये तो भविष्य के गर्भ मे है।

## सैनी समाज में फैली कुरूतियों पर चर्चा के लिए आज होगा महासभा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** सैनी समाज में फैली कुरूतियों पर चर्चा व समाज सुधार पर विचार को लेकर राजगढ़ तहसील क्षेत्र की महासभा का आयोजन आज 25 जून को सुबह 11 बजे माचाड़ी मार्ग पर स्थित महालक्ष्मी मैरिज गार्डन में होगा। सैनी समाज राजगढ़ के विधि सलाहकार एडवोकेट जितेंद्र सैनी ने बताया कि बैठक में सैनी समाज में फैली हुई कुरीतियों व समाज सुधार के बारे में चर्चा की जाएगी। महासभा में राजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्र के लोग भाग लेंगे।

## करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत परबैणी के गांव चांदपुर में मंगलवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से एक महिला की असामयिक मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदपुर गांव निवासी केशबाई मीणा(40) पत्नी चेतराम मीणा अपने घर पर घरेलू कामकाज कर रही थी। तेज गर्मी के चलते जैसे ही उसने कूलर चलाया तो करंट की चपेट में आ गयी। बारिश के चलते मौसम में नमी होने के कारण कूलर में विद्युत करन्ट आने के कारण महिला को करंट लग गया और वह मौके पर बेहोश हो गई। घटना का पता चलते ही परिजन व ग्रामीण महिला को लेकर गढ़ी सवाईराम स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गये जहाँ प्रभारी चिकित्सक डॉ. के. सी. मीणा ने महिला की जाँच कर मृत घोषित किया। पोस्टमार्टम से परिजनों के इंकार करने पर शव परिजनों को सुपुर्द किया। मृतक महिला के एक पुत्र व एक पुत्री है। महिला की मौत का समाचार मिलते ही गाँव में कोहराम मच गया।

## जिला कलेक्टर ने किया अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर ओदरा का निरीक्षण




बढ़ता राजस्थान

**खैरथल तिजारा (नि.स.)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के प्रथम दिन मंगलवार को जिला कलक्टर किशोर कुमार ने उपखंड किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत ओदरा में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन कर प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं और वस्तुस्थिति की जानकारी शिविर एवं स्टॉल प्रभारी से ली और लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक भी लिया।

उन्होंने अधिकारियों और कार्मिकों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार और सरकार की मंशानुरूप लाभ प्रदान करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने राजस्व विभाग को आवंटित कार्यों, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों के बैंक सत्यापन, आवेदन प्राप्ति और सर्वे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एनएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण, आधार सीडिंग, ई के वाईसी, पीएचईडी विभाग को टंकियों की साफ सफाई एवं लीकेज की मरम्मत करने को कहा एवं लंबित कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए।उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पेंशन सत्यापन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने, राजस्व विभाग को लंबित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, कुरेजात एवं रास्तों के प्रकरण के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को स्वामित्व कार्ड वितरण करने एवं जल संरचनाओं की मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित ग्रामजनों से अपील की कि शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और पात्रतानुसार सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

## पर्ची से बने मुख्यमंत्री व मंत्री अपनी कुर्सी बचाने की जुगत में लगे हुए है-नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि देश और प्रदेश की बैसाखी पर चल रही सरकार का खामियाजा आज प्रदेश की जनता भुगत रही है। ऐसे में प्रदेशवासियों व उनके जनहित के मुद्दों पर संकट के बादल मंडरा गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जंगल राज की स्थिति निरंतर बढ़ती जा रही है ऐसे में भी सरकार सोई हुई है।



उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में अधिकारियों के बोल बिगड़ गए हैं जूली बोले अब कांग्रेस नहीं बीजेपी का राज इसलिए तकलीफझेलनी पड़ेगी यह सुशासन नहीं बल्कि कुशासन है। जूली बोले प्रदेश के मुखिया से पूछना चाहूंगा क्या आपकी सरकार में बिजली के ट्रांसफर भी पार्टी को देखकर मिलेंगे या जनता की सहूलियत के लिएए उन्होंने कोटपूतली बहरोड जिले के नारायणपुर में ट्रांसफर की मांग को लेकर जो किसान धरने पर बैठे थे और वहां उपस्थित अधिकारियों के जवाब को लेकर उन पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन का दम भरने वाली सरकार के राज में कुशासन थोपकर सुशासन का भाषण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हालात भयावह हो गए हैं,बिजली, पानी और रोजगार के संकट से प्रदेश की जनता जूझ रही है,यहां माफिया राज का बोलबाला हो गया है।जूली बोले प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर भी फेल हो गया है आज भी दिनदहाड़े बानसूर में गोलीकांड सरकार के फैलियर की चीख चीख कर गवाही दे रहा है। उन्होंने कहा कि बदमाश ने वीडियो अपलोड कर मर्डर की जिम्मेदारी ली कि हमारे खिलाफ होगा जिन्हें सबको मारेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बदमाश बेखौफ हो गए हैएसरकार गायब हैए सरकारी कर्मचारी राजनैतिक भाषा बोल रहें है। पर्ची से बने मुख्यमंत्री व मंत्री अपनी कुर्सी बचाने की जुगत में लगे हुए है-हर तरफ केवल भ्रष्टाचार का बोलबाला कायम है।

## शिक्षक संघ प्रगतिशील ने किया अधिकारीयों का स्वागत एवं अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के पदाधिकारीयों ने जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक अलवर के पद पर महेश कुमार मेहता एवं प्रधानाचार्य डाइट अलवर ओमप्रकाश के कार्यग्रहण करने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष अजय विजय ने बताया कि राजस्थान शिक्षक प्रगतिशील के पदाधिकारीयों ने प्रांतीय मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव और महामंत्री (मुख्यालय) प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोंरखा कला के पद से स्थानांतरित होकर जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक अलवर पद पर महेश कुमार मेहता एवं प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांगल बावला से स्थानान्तरित होकर प्रधानाचार्य डाइट अलवर के पद पर कार्यग्रहण करने पर माला, साफा, दुपट्टा और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। शिक्षक प्रगतिशील के पदाधिकारीयों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य डाइट से स्कूली शिक्षा की विभिन्न समस्याओं एवं नवाचारो पर सार्थक चर्चा की गई। जिस पर अधिकारियों ने मिलजुल कर उनका समाधान करने का समाधान कराने का आश्वासन दिया। स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम में शिक्षक संघ प्रगतिशील के महेश शर्मा, संजय भाटिया, गिर्राज सैनी, राकेश विजय संदीप शर्मा, गजनेश सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना शिविर आज प्रातः 11 बजे नगरपालिका कार्यालय राजगढ़ में आयोजित होगा। नगरपालिका सीओ मीनाक्षी मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत असंगठित श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकारों को वृद्धावस्था में सामाजिक एवं आर्थिक संबल प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत अंतर्गत 41 से 45 वर्ष की आयु के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक, लोक कलाकार एवं पथ विक्रेता पेंशन हेतु पात्र हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु के पश्चात पात्र लाभार्थियों को 3 हजार रूपये प्रति माह की पेंशन राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। योजना में शामिल होने के लिए जनाधार कार्ड, ई -श्रम कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक अनिवार्य है।

### नेक कमाई फाउंडेशन का शानदार प्रयास

## भीख मांगने वाले ने खाया कलांकद व ब्रेड़ पकौड़े

### बच्चों को करवाई शापिंग - आनन्द से अभिभूत हुए बच्चे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से ऑपरेशन करुणामय में मंगलवार को कचरा बीनने वाले और भीख मांगने वाले 37 बच्चों को बाजार में ले जाकर उनकी पसंद के कपड़े दिलवाए। इससे पहले बच्चों को रेस्ट्रा में लेकर गए जहां उन्होंने आर्डर देकर नाश्ता किया। गुरुनानक कॉलोनी कच्ची बस्ती में अलवर शहर के चयनित 37 बच्चों को एकत्रित कर बाजार ले जाया गया। इन बच्चों को गाड़ियों में बैठाकर पहले रेस्ट्रा में लेकर गए जहां उन्हें अपनी पसंद की खाने की चीजें आर्डर देकर मंगवाने की कही तो वे खुशी से झूंम उठे। सभी बच्चों ने अपनी पसंद की चीजें खाई और खुशी हाजिर की। नंगली सर्किल पर कलाकंद के साथ इन्हें ब्रेड पकौड़े और प्याज की कचोरी खूब भाई। इसके बाद इन्हें चर्च रोड स्थित कपड़ों की दुकान फैशन हब पर लेकर गए। यहां बच्चों का स्वागत संरक्षक दौलत राम हजरती, मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, युवा समाजसेवी रवि जुनेजा ने किया। बच्चों ने यहां अपनी पसंद के कपड़े पहने और खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी सौरभ कालरा ने कहा कि ब%चों ने पहली बार बाजार में आकर किसी दुकान पर खरीददारी की है जो इनके लिए अविस्मरणीय पल है। कार्यक्रम में युवा गुरप्रीत सिंह पवित्र, गंगा वाधवा, निष्ठा नारंग, गायत्री परिवार से प्रतिभा सिंह, युवा शिक्षाविद दीपक झाम, प्रदीप सिंह, वेद रानी गुसाई, मानवेन्द्र सिंह और धर्मपाल सिंह ने विचार व्यकत किए। अंत में कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया। इस अवसर पर बच्चों ने शापिंग-डे का नारा लगाकर खुशी का इजहार किया। संचालन सौरभ कालरा व गुरुप्रीत सिंह पवित्र ने किया।





वंचित बच्चों के जीवन में लाएंगे खुशियां:-नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से डा.गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट के सहयोग से मिशन करुणामय कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस बारे में संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि इस अभियान में जरूरतमंद परिवारों की उनकी घर जाकर सहायता दी जाएगी। यही नहीं वंचित ओर जरूरतमंद बच्चों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए उन्हें शिक्षण सामग्री सहित उनकी पसंद की वस्तुएं दिलाई जाएगी। विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव डाण् आशुतोष शर्मा ने बताया कि वंचित परिवारों की सूची तैयार की जा रही है। यदि कोई बेटी साधनों के अभाव में पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रही है तो पहले उसकी सहायता की जाएगी जिसके लिए सूची तैयार हो रही है।

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री एंव मुख्यमंत्रियों की पहल पर हुई बैठक, अधिकारियों ने की व्यापक चर्चा, आमजन को जल्द मिलेगा लाभ

### राजस्थान व हरियाणा के अधिकारियों की संयुक्त रूप से हुई बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल तिजारा (नि.स.)।** भिवाड़ी क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान की दिशा में राजस्थान और हरियाणा के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक मंगलवार को बीड़ा सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलक्टर, खैरथल-तिजारा किशोर कुमार एवं उपायुक्त, रेवाड़ी अभिषेक मीना ने की। इससे पूर्व केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के आग्रह पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आपसी समन्वय से फोन पर चर्चा की और अधिकारियों को जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा अतुल प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक रीको यूनिट प्रथम एवं द्वितीय ज्ञानेंद्र शर्मा एवं आदित्य शर्मा, क्षेत्रीय प्राधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड भिवाड़ी अमित शर्मा, क्षेत्रीय प्राधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड रेवाड़ी, आयुक्त नगर परिषद भिवाड़ी मुकेश कुमार, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग धर्मवीर यादव सहित रेवाड़ी एवं भिवाड़ी के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा ने भिवाड़ी जल भराव समस्या के संबंध में प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों एवं आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए की गई प्लानिंग के बारे में विस्तृत रूप से बताया साथ ही उन्होंने हरियाणा से आ रहे प्रदूषित पानी स्त्रोतों के बारे में भी बताया।

बैठक में भिवाड़ी के जलभराव की गंभीरता को देखते हुए दोनों राज्यों के अधिकारियों ने साझा रणनीति पर चर्चा की। प्रमुख बिंदुओं में मानसून के दौरान बहने वाले जल को नियंत्रित करने, सीवरेज व औद्योगिक अपशिष्ट को नियंत्रित करने हेतु सीईटीपी व आरओ संयंत्रों के बेहतर उपयोग और आपसी परियोजनाओं को समन्वयित करने पर सहमति बनी, जिससे आगामी समय में दोनों राज्यों को जल भराव की स्थिति से जूझना नहीं पड़ेगा।

अंत में जिला कलेक्टर खैरथल-तिजारा एवं उपायुक्त रेवाड़ी ने कहा की उच्च स्तर पर कि गई कार्रवाइयों से अवगत कराकर जल भराव समस्या का उचित एवं स्थाई समाधान निकाला जाएगा।

## गुरुकृपा अपनाघर आश्रम ने मनाई 13 वी पुण्यतिथि

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** माधुरी ब्रज वारिस सेवा सदन अपनाघर संस्था, भरतपुर के द्वारा असहाय, लावारिस, पीडित मानव सेवार्थ 24 जून 2012 को स्थापित संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा अपनाघर आश्रम, विवेकानंद नगर अलवर की मंगलवार का 13 वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यकारिणी के सदस्यों ने प्रातः आश्रम पहुंच कर सेवा साथियों के साथ मिलकर सभी प्रभुजनों को अपने हाथों से नहलाया, सभी को नई पोसाक - ड्रैस पहनाई गई। उसके बाद कार्यकारिणी के सदस्य, सेवा साथियों एवं प्रभजी ने भवानी तोप के पास स्थित गौशाला में 5 क्विंटल हरी सब्जियां, तरबूज, पत्ता गोभी, कोला, खीरा आदि गायों को गौसवामणी के बतौर समर्पित की इसके बाद आश्रम प्रांगण में अग्निहोत्री यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें आश्रम से जुड़े सदस्यों के साथ साथ सेवा साथियों और प्रभुजनों ने भी आवासियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा परिवार में पुनर्वासन की भावना से आहुतियां समर्पित की गई। आश्रम की संस्थापक सदस्य श्रीमती जानकी देवी अरोड़ा जी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भी विशेष आहुतियां समर्पित की गई। प्रभुजनों के साथ सेवा साथी लक्ष्मण सिंह, रनवीर सिंह, चरणसिंह, परशुराम, इन्दरलाल, प्रमोद गोयल के अतिरिक्त कार्यकारिणी के सदस्य एवं सेवा भावी अशोक मेरी, गजेन्द्र सिंह, के के खण्डेलवाल, अशोक गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, सरला जैन, रेणु मिश्रा, सरोज शर्मा, सुमन शर्मा, अर्जुन तख्तानी, सुरेन्द्र सोनी, सीताराम शर्मा, अशोक आहूजा, बी डी गुप्ता यज्ञ में सम्मिलित हुए।



## 15 मिनट की बारिश में फिर नाले की दिवार गिरी



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी( मुकेश शर्मा )।** भिवाड़ी के समीप टपूकड़ा के सरकारी अस्पताल नूंह चोक के पास मंगलवार को 15 मिंट आई बारिश में फिर एक बार एक पाच फुट उची बनी नाले की करीब 70 फुट दिवार दूसरी दिवार पर गिरी। गनीमत यह रही की दूसरी दिवार के सहारे अस्पताल की दिवार थी। जिससे नाले की गिरी दिवार से बड़ा हादसा होने से बचा। ग्रामीणों ने बताया कि यह नाले की दिवार नगरपालिका टपूकड़ा द्वारा बनाई जा रही थी पहले भी नगरपालिका को इसकी शिकायत दी गई कि इस दिवार मे ठेकेदार द्वारा सही माल नहीं लगाया जा रहा है। मंगलवार शाम करीब 4 बजे आई बारिश में यह दिवार गिर गई। जिसकी चोड़ाइ करीब एक फुट थी ओर ग्रामीणों ने बताया करीब 6 महा से टपूकड़ा नगरपालिका क्षेत्र में सारे पानी के नाले खुले हुये हैं ओर कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है ओर सारे नाले ठेकेदार के द्वारा खोल कर रखे है। जिसे ग्रामीणों में बिमारी फैलने का भय है ओर सारा काम ठेकेदार व नगरपालिका के कर्मचारियों में कमीशन का चल रहा है। इस बारे में टपूकड़ा एसडीएम लाखन सिंह से इस बारे में बात करनी चाहिए तो उन्होंने कहा कि में चैक करवाता हुं दोबारा कैसे गिरा?

# अधिशाषी अधिकारी ने किया अन्नपूर्णा रसोई ओर अस्पताल का औचक निरीक्षण

## अस्पताल में बंद पड़े रैन बसेरे को चालू करने के दिया दिशा निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी नरेश राठौर में शहर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सुभाष सर्किल पर स्थित अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राठौर ने अन्नपूर्णा रसोई में खाना बनाने के दौरान बरती गई साफ सफाई, भोजन की गुणवत्ता, भोजन का स्वाद सहित ने कई बातों को बारीकी से परखा तथा कमी पाए जाने पर तुरंत सुधार लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन में राहगीरों और अस्पताल में मरीजों के साथ तीमारदारों हेतु बनाई गई रैन बसेरे का निरीक्षण किया। इस दौरान राठौर ने रैन बसेरे में कुछ कमियां पाए जाने पर मौके पर ही पालिका जमादार को तुरंत सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर जल्द से जल्द रैन बसेरा चालू करवाने हेतु निर्देश दिए। राठौर ने बताया कि इस रैन बसेरे में स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों या अटेंडेंट को रहने हेतु नि:शुल्क रहने ओढ़ने बिछाने तथा सोने की व्यवस्था मिल जायेगी जिससे परिजनों को इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

# महिला समागम आयोजित किया

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** शहर के नयापुरा टेक के समीप स्थित रामलीला मैदान के समीप स्थित निरंकारी सत्संग भवन में ब्रांच स्तरीय महिला समागम आयोजित किया गया। यह महिला समागम सतगुरु माता जी की कृपा से आयोजित किया गया। इस समागम में दूर दूर से आए निरंकारी भक्तों ने गीत व विचारों से अपने सतगुरु को रिझाया। इस दौरान कोटा से पधारे आदरणीय संत बहन ममता ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की शिक्षाओं को दोहराया जिसमें बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने महिलाओं को आगे लाने के लिए नारी शक्ति को ऊंचा उठाया और बताया कि नारी ही घर को स्वर्ग बना सकती है और नारी ही घर को नर्क बना सकती है।

## .आरबीएसके बनी नौनिहालो के लिये जीवन दान

# दिल में छेद की बीमारी से पीड़ित 5 माह के मानवीक का निजी अस्पताल में हुआ नि:शुल्क ऑपरेशन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** भारत सरकार की नवजात शिशुओ के स्वास्थ्य एवं जीवन बचाने के लिए महत्वपूर्ण योजना आरबीएसके का धरातल पर प्रभावी असर नजर आने लगा है। योजनान्तर्गत मण्डाना कस्बे के 5 माह के मासूम मानवीक का सोमवार को कोटा के निजी सुधा अस्पताल में हार्ट का नि:शुल्क ऑपरेशन किया गया। बच्चा अब स्वस्थ है। दरअसल मानवीक जन्मजात दिल में छेद की बीमारी (कंजेनाइटल हार्ट डिजीज) से पीड़ित था। सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि ऐसे 1 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों का आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) में नि:शुल्क उपचार कराया जाता है। इसके लिए बच्चे का किसी आंगनबाड़ी, मदरसा अथवा सरकारी स्कूल में पंजीकृत होना जरूरी है। उन्होने बताया कि आरबीएसके लाडपुरा की मोबाइल हैल्थ टीम-बी जब मण्डाना के आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों की स्क्रीनिंग करने पहुंची तो मानवीक की बीमारी का पता चला। टीम ने बच्चे को तुरंत रैफर कर विभिन्न जांचे करवाई और सुधा अस्पताल में नि:शुल्क हार्ट सर्जरी करवाई। बच्चे के पिता हरीश सुमन मजदूरी कर बमुश्किल घर का खर्च उठाते है, बच्चे का ऑपरेशन करवाने के पैसे नही थे। ऐसे में योजना ने नि:शुल्क ऑपरेशन से परिवार में फिर से नई जान फूंक दी।



# पीयूष समारिया ने कोटा कलक्टर का कार्यभार ग्रहण किया

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी पीयूष समारिया ने मंगलवार को कोटा जिले के कलक्टर का कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने समारिया को कार्यभार सौंपा। 2014 बैच के आईएएस समारिया इससे पहले रूडसिको में कार्यकारी निदेशक एवं आरयूआईडीपी में प्रोजेक्ट डायरेक्टर पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा वे चित्तौड़गढ़, नागौर एवं दौसा में कलक्टर रह चुके हैं।

# सहायक कृषि अधिकारी कार्यालय पर महिला किसानों को खाद बीज नहीं मिलने पर किसानों में भारी रोष

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। अजमेर जिले के भिनाय कस्बे के सहायक कृषि अधिकारी कार्यालय में किसानों को खाद बीज नहीं मिलने पर किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से दिया जाने वाला अनुदानित बीज लेने के लिए वे रोजाना पंचायत समिति परिसर स्थित कृषि विभाग के कार्यालय में चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उन्हें बीज नहीं मिलने से खेती की बुवाई में देरी हो रही है। महिला किसानों ने बताया कि कस्बे की ग्राम सेवा सहकारी समिति में भी, डी ए पी खाद नहीं मिलने से महंगे दाम से बाजार से खाद खरीदना पड़ रहा है। गुस्साये किसान ओमप्रकाश आचार्य के नेतृत्व में खाद बीज दिलाने की मांग को लेकर पंचायत समिति भिनाय के प्रधान सम्पतराज लोढ़ा व विकास अधिकारी से शिकायत कर किसानों को शिघ्र खाद बीज दिलवाने की मांग की है।



# रामगंजमंडी से भाजपा के कुनबे मे टूट से हड़कंप

## राजस्थान सरकार के कद्दावर मंत्री मदन दिलावर के गृह क्षेत्र में लगाई कांग्रेस ने सेंध

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी/ कोटा।** राजस्थान के बारां में संविधान बचाओ रैली में शामिल होने गए रामगंजमंडी के भाजपा के पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गौतम सहित 4 भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का झंडा थाम लिया है। रामगंजमंडी में पिछले 10 दिन से उठापटक चल रही थी । पालिका अध्यक्ष के चुनाव से ठीक पहले बीजेपी के कई और नेता कांग्रेस में शामिल हो सकते है।

दो दिन पूर्व ही रामगंजमंडी के भाजपा के दिग्गज नेता ने आज भाजपा और कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर का साथ छोड़कर कांग्रेस का हाथ पकड़ लिया।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोडासरा, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल , महेंद्र राजोरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन कुमार बाबेल और पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रमेश मीना सहित वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गौतम , कृषि उपज मंडी अध्यक्ष मुकेश धाकड़, व्यापार संघ सचिव योगेश दलाल , खेराबाद यूवा मंडल अध्यक्ष रिंकू धाकड़, बंटी शर्मा 5 दिग्गज भाजपा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

वही अंदरखाने राजस्थान सरकार में कैबिनेट व दो महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री मदन दिलावर के निर्वाचित विधानसभा क्षेत्र में इस तरह की सेंधमारी से भाजपा में हलचल मच गई।

हालांकि अभी कोई आधिकारिक बयान तो नहीं आया है लेकिन इसके मायने मंत्री के खिलाफ हो रही लामबंदी से भी लगाया जा रहा है। वहीं कांग्रेस की ओर से की गई मीडिया कॉन्फ्रेन्स में भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गौतम ने भाजपा सरकार और नगर पालिका अध्यक्ष पर जमकर निशाना साधा। रामगंजमंडी में मंगलवार को नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बाबेल के कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय गौतम ने भाजपा को अलविदा कहते हुए तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा अब कार्यकर्ता आधारित पार्टी नहीं रही। वहां सिर्फ चापलूसी चलती है, ईमानदार और जमीनी कार्यकर्ता को कुचला जाता है। हिटलरशाही और तानाशाही ने पार्टी को खोखला कर दिया है। वहीं नगर अध्यक्ष पवन बाबेल ने भाजपा पर जोरदार हमला करते हुए कहा यह तो सिर्फ ट्रेलर है, पूरी पिक्चर अभी बाकी है। भाजपा की नीतियों से तंग आ चुके कार्यकर्ता खुद कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। आने वाले महीनों में भाजपा की हालत ऐसी होगी कि 40 वार्डों में एक कार्यकर्ता तक नहीं मिलेगा। उन्होंने आगे कहा भाजपा अब 'बूथ से शून्य' की ओर बढ़ रही है, जबकि कांग्रेस 'गांव से शासन' की ओर लौट रही है। कांग्रेस में इन कद्दावर नेताओं का आना आगामी नगर निकाय और विधानसभा चुनावों में बड़ा समीकरण बदल सकता है। अब साफ है कि रामगंजमंडी समेत पूरे क्षेत्र में कांग्रेस की पकड़ और मजबूत होती जा रही है। वहीं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रमेश मीणा (गुड्डू) ने विजय गौतम की कांग्रेस वापसी का स्वागत करते हुए कहा की गौतम पहले कांग्रेस पार्टी के लिए ही काम करते थे, आज वो अपने घर लौटे हैं। कांग्रेस उनका घर है और हम सभी उनका दिल से स्वागत करते हैं।

# अतिवृष्टि और जनकल्याण योजनाओं को लेकर कलक्टर ने दिए निर्देश , हर समस्या का हो गुणवत्तापूर्ण समाधान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में मानसूनी चुनौतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर व्यापक निर्देश जारी किए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर मिले और हर समस्या का गुणवत्तापूर्ण समाधान हो।

कलक्टर ने अतिवृष्टि की संभावनाओं को देखते हुए विद्युत, पीएचईडी, नगर निगम, और केडीए सहित संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जर्जर भवनों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और कार्यालयों में कोई भी गतिविधि संचालित न हो।

स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों एवं जनजागरूकता अभियानों को गति देने के निर्देश दिए गए। बरसात मे जल भराव पर निगम को त्वरित कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा गया। कंट्रोल रूम को हर परिस्थिति के लिए तत्पर रखने और जल भराव वाले संवेदनशील क्षेत्रों पर संकेतक लगाने के निर्देश भी दिए गए।



हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलक्टर ने वन विभाग से समन्वयात्मक प्रयासों की जानकारी ली। पीएचईडी से पेयजल जेवीवीएनएल से बिजली आपूर्ति और शिकायत निवारण प्रणाली को चुस्त करने के कड़े निर्देश दिये।

चिकित्सा विभाग द्वारा हाई रिस्क क्षेत्रों में मौसमी रोगों को लेकर किए जा रहे प्रचार-प्रसार, शिविरों और जनसंपर्क प्रयासों की जानकारी दी गई।

शिक्षा विभाग ने बताया कि जिले के सभी जर्जर भवनों को चिन्हित कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से छात्रावास एवं आधीन योजनाओ के लक्ष्य पुरा करने को कहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित हो रहे शिविरों को गंभीरता से लेने, अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा अधिकारियों को स्वयं शिविर स्थल पर जाने के निर्देश दिए।

कलक्टर समारिया ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के लिए पत्राचार में अनावश्यक विलंब न करें। और योजनाओं को जमीनी स्तर पर समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित करें। इस अवसर पर आईएएस प्रशिक्षु आराधना चौहान, एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी, एडीएम सिटी अनिल सिंघल,एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन युवा रक्षा के अंतर्गत सप्ताह भर चलेंगे जागरूकता कार्यक्रम

## केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा नशा मुक्त कोटा रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ( सी.बी.एन ) द्वारा ऑपरेशन युवा रक्षा के अंतर्गत आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम की श्रृंखला में दिनांक 24 जून 2025 को एक न नशा मुक्त कोटा रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री नरेश बुन्देल, उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राज.) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो दिनांक 26 जून 2025 को (International Day Against Drug Abuse and Illicit Trafficking) मना रहा है, और इस अवसर पर सप्ताह भर विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नशा मुक्त कोटा रैली भी इसी उद्देश्य की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम रहा।




इस रैली को नरेश बुंदेल, उप नारकोटिक्स आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जिलेभर में नशा उन्मूलन के संदेश को पहुँचाने का कार्य करेगी। इस जागरूकता रैली में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ( सी.बी.एन ) के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली ने कोटा जिले के प्रमुख स्थानों से गुजरते हुए आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया और नशा मुक्त समाज की अपील की।

श्री बुंदेल ने इस अवसर पर कहा कि नशे की प्रवृत्ति, विशेषकर युवाओं में, एक गंभीर समस्या है और इससे निपटने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने रैली में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों के उत्साह की सराहना की और कोटा के नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस अभियान से जुड़ें और एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशा मुक्त कोटा के निर्माण में सहयोग दें।

# आंगनवाड़ी केंद्र की छत से गिरा प्लास्टर : बड़ा हादसा टला

## धरनावद पंचायत के तेलियाखेड़ी गांव का मामला

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी, कोटा ( प्रमोद राठौर )।** रामगंजमंडी क्षेत्र के धरनावद पंचायत के तेलिया खेड़ी गाँव में सोमवार देर रात एक सरकारी स्कूल में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र की छत से प्लास्टर गिर गया।



हालाँकि ये घटना रात के समय हुई। जिस कारण बड़ा हादसा टल गया। लेकिन आंगनवाड़ी केंद्र, जो बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है। इस तरह की घटना चिंता का विषय है। लेकिन यह घटना आंगनवाड़ी केंद्रों की सुरक्षा और रखरखाव पर सवाल खड़े करती है। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, आंगनवाड़ी केंद्रों की इमारतों की नियमित जांच और मरम्मत की जानी चाहिए। यह घटना सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाने के प्रयासों के बावजूद हो रही है, जो कि चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए उचित भवन उपलब्ध कराए जाने चाहिए ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके और बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# देवलिया कला एवं बड़ली में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवलिया कला एवं बड़ली में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन किया गया। शिविर का मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आम जन से केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। मंगलवार को आयोजित शिविर में योजना में पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ पहुंचाकर लाभांवित किया गया। उक्त शिविर में लाभार्थी जीवराज पुत्र मीठूलाल कुम्हार व बालमुकुन्द पुत्र मिठूलाल कुम्हार के बीच संयुक्त खातेदारी की भूमि को लेकर परिवार में आपसी विवाद होना बताया गया। शिविर प्रभारी सुनील कुमार झिंगोंनिया ने प्रार्थीगणों की व्यथा सुनकर राजस्व विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर प्रकरण की जानकारी दी। पटवार हल्का देवलियाकलां ने उपस्थित दोनो प्रार्थी गणों को उनकी समस्त पुश्तैनी भूमि की पूरी जानकारी प्रदान करते हुए दोनों के पृथक पृथक हिस्से बताकर आपसी समझौता बटवारा पत्रावली तैयार की जिसे शिविर स्थल पर ही प्रार्थी गणों की सहमति से स्वीकार कर राजस्व रिकॉर्ड में पृथक पृथक इंद्राज करने के आदेश जारी किए गए । बटवारा आदेश की प्रति प्रार्थी गणों को दी गई तो उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा 2025 अभियान की प्रशंसा करते हुए राजस्थान सरकार एवं उपखंड प्रशासन का आभार व्यक्त किया । साथ ही रोड़ी देवी पत्नी कल्याण रेगर एवं सुषीला देवी पत्नी लादूराम रेगर शिविर प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर कहने लगी कि कल शाम को ग्राम में पंचायत की ओर से गली-गली में घूम-घूम कर बोल रहे थे कि जिन ग्रामीणों के गाय भैंस इत्यादि हैं उनका पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा 2025 अभियान के तहत राज्य सरकार द्वारा बिना किसी शुल्क के बीमा किया जा रहा है। जिनको भी बीमा करवाना है वह सुबह ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित हो जावे। इसलिए हम शिविर में आए हैं। शिविर प्रभारी ने प्रार्थी गणों की बात सुनकर पशुपालन विभाग की ओर से उपस्थित प्रभारी को बुलाकर मंगल पशु बीमा योजना के तहत आवेदन पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए पशुपालन प्रभारी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रार्थियागणों को मंगल पशु बीमा योजना के लाभों की जानकारी देते हुए योजना में पंजीकरण शिविर स्थल पर ही लाभान्वित किया गया। विकास अधिकारी अर्जुन सिंह ने अवगत करवाया कि आगामी कैम्पों का आयोजन 25 जून को ग्राम पंचायत लामगरा व चापानेरी में, 26 जून को ग्राम पंचायत गुड्डाखुर्द व नांदसी में , 27 जून को ग्राम पंचायत पाड़लिया व कैरोट में, 28 जून को ग्राम पंचायत कनई कला व बड़गांव में, 30 जून को ग्राम पंचायत नागोला व सोबड़ी में, 1 जुलाई को ग्राम पंचायत बुबकिया व राममालिया में, 2 जुलाई को ग्राम पंचायत घातोल व भिनाय में, 3 जुलाई को ग्राम पंचायत छछूंदरा व कराटी में, 4 जुलाई को ग्राम पंचायत कुम्हारिया व बांदनवाड़ा में ,7 जुलाई को ग्राम पंचायत राताकोट व पड़ांगा में, 8 जुलाई को ग्राम पंचायत सिंघावल व एकलसिंघा व 9 जुलाई को ग्राम पंचायत देवपुरा में शिविर आयोजित किया जाएगा।



उक्त शिविर में पंचायत समिति भिनाय के प्रधान सम्पतराज लोढ़ा, उपखण्ड अधिकारी सुनिल कुमार झिंगोनियां,विकास अधिकारी अर्जुन सिंह व ग्राम पंचायत बड़ली में तहसीलदार नीलम राठौड़ सहित 18 विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# सभी अधिकारी रिजल्ट बेस कार्य कर आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाऐं : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** सरकार की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी विभागीय मापदण्डों को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हुये विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करायें।यह कहना है जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी का। चौधरी मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने बजट घोषणाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर साकार करने तथा जनहित की समस्याओं का संवेदनशलता से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की मंषा के अनुरूप सभी अधिकारी विभागीय लक्ष्यों को धरातल पर साकार करते हुये इस प्रकार कार्य करें कि प्रदेशभर में अग्रणी पायदान पर रहें। उन्होंने अधिकारियों को रिजल्टबेस कार्य करने की हिदायत देते हुये कहा कि दिये गये दायित्वों का पूरी गम्भीरतापूर्वक निर्वहन कर निर्धारित समय में पूरा करने के लिये टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने विभागीय योजनाओं की कार्यालयाध्यक्ष के स्तर पर समीक्षा कर षतप्रतिषत लक्ष्य पूरे करने के लिये निरन्तर मॉनिटरिंग करने के निर्देष दिये। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ सरकार की मंषा के अनुरूप समय पर पूरा करायें जिससे आमजन को अधिकाधिक लाभ मिल सके।

### पूरी तैयारी के बाद ही करें काम शुरू

जिला कलक्टर ने शहर में चल रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराते हुये नवीन कार्य विभागीय स्तर पर आवश्यक संसाधन की उपलब्धता व पूरी तैयारी के साथ शिरू करने के निर्देश दिये, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी नहीं हो। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करते हुये समय पर पूरा कराने के निर्देश दिये। कार्यों में लापरवाही अथवा कमी पाये जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने आमजन को मूलभूत सुविधाऐं प्रदान करने वाले विभागों को आपसी समन्वय रखते हुये पेयजल, विद्युत की निर्बाध आपूर्ति एवं शिक्षा, चिकित्सा आदि की सुविधाओं में निरन्तर सुधार के निर्देश दिये।

### पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नही रहे

**जिला कलक्टर ने कहा कि आमजन की समस्याओं, मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मामलों में त्वरित एक्शन लेने की आवष्यकता है ऐसे मामलों को गम्भीरता से लिया जायेगा। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के पेंशनर्स, खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के सत्यापन, ऑनलाईन फिडिंग कार्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, निदेशक घना मानस सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनशम षर्मा, शहर राहुल सैनी, सचिव बीडीए नीलिमा तक्षक, सीओ सिटी पंकज यादव, आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**

# राजसमंद में दिनदहाड़े बीच सड़क मिली गर्दन कटी हुई लाश : चारों ओर बिखरा खून

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद में दिनदहाड़े एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। शव की गर्दन को बेरहमी से काटा गया है, जिसके कारण उसका अधिकांश हिस्सा धड़ से अलग हो गया। पुलिस को आशंका है कि धारदार हथियार से युवक की गर्दन पर कई वार किए गए। एएसपी महेन्द्र पारीक ने बताया कि कांकरोली-भीलवाड़ा मार्ग पर कांकरोली से कुछ दूरी पर प्रतापपुरा पुलिया पर करीब एक बजे लहूलुहान हालत में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। इस पर एसपी मनीष त्रिपाठी समेत कांकरोली पुलिस थाने का जाब्ता मौके पर पहुंचा। एफएसएल टीम मौके पर पहुंची, सबूत जुटाए शव की शिनाख्त शेर सिंह (35) पुत्र जोध सिंह राजपूत निवासी खाखरमाला पुलिस थाना आमेट के रूप में हुए। पुलिस की सूचना पर एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। घटना स्थल के पास खड़ी युवक की बाइक भी जब्त कर ली गई है। प्रारंभिक तौर पर मौत संदिग्ध है और हत्या की आशंका है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात हमलावर कार में बैठकर आए थे और बाइक सवार पर पीछे से हमला किया गया है। हालांकि सभी एंगल से मामले की जांच जारी है। फिलहाल शव को आरके हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। युवक विवाहित था। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# राजे ने धौलपुर में कार्यकर्ताओं से की मुलाकात पूर्व जिला अध्यक्ष जादौन के हालचाल जाने

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने धौलपुर का दौरा किया। उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्ष हरिचरण सिंह जादौन के घर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। पूर्व जिला अध्यक्ष पिछले 4 वर्ष से बीमार चल रहे हैं। वे पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते हैं। पूर्व जिला प्रमुख धर्मपाल सिंह जादौन ने बताया कि उनके पिता की तबीयत खराब होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे धौलपुर दौरे के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष के घर पहुंची। जहां उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्ष हरिचरण सिंह जादौन के परिवार से मुलाकात की। इसके बाद वे राजाखेड़ा स्थित हरिचरण धाम पहुंचीं। वहां उन्होंने भगवान श्रीराम के दर्शन किए। इस दौरान राजे ने भाजपा के कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। पूर्व विधायक मनोरमा, मंडल अध्यक्ष और पार्टी के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। फिर वहां से वसुंधरा राजे पहुंची राजाखेड़ा- भाजपा नेता हरचरण सिंह का हालचाल जाना राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंगलवार को राजाखेड़ा पहुंची। पूर्व सीएम ने भाजपा नेता हरचरण सिंह के घर जाकर उनका हालचाल जाना। वसुंधरा राजे करीब एक घंटे तक हरचरण सिंह के निवास पर रहीं। इस दौरान उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं से भी मुलाकात की। इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख डॉ. धर्मपाल सिंह, राजपाल सिंह और पूर्व विधायक मनोरमा सिंह समेत कई स्थानीय भाजपा नेता मौजूद रहे। मुलाकात के बाद राजे सड़क मार्ग से आगरा की ओर रवाना हो गईं।

# दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा 9 जुलाई 2025 तक

## उपखण्डों की ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्व विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के दिशा निर्देश पर जिले में 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा का संचालन किया जा रहा है। जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक जिले के समस्त उपखण्डों की ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में समस्त उपखंडों की ग्राम पंचायतवार में आयोजित शिविरों का कैलेण्डर जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 25 जून बुधवार को उपखण्ड भरतपुर की ग्राम पंचायत बिलौठी व महुआ में, नदबई की नयावास व बरौलीछार में, भुसावर की सैंधली के राजीव गांधी सेवा केन्द्र व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रणधीरगढ में, वैर की बझेराकलां व लखनपुर, बयाना की ब्रह्मवाद, महमदपुरा, नारौली व सीदपुर में, रूपवास की खानुआं व निभेरा एवं उच्चौन उपखण्ड की ग्राम पंचायत अंधियारी के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 26 जून गुरुवार को उपखण्ड भरतपुर की ग्राम पंचायत मौरोलीकलां व चिकसाना, नदबई की करीली, रौनीजा व लुहासा में, भुसावर की अलीपुर के राजीव गांधी सेवा केन्द्र एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पथैना में, वैर की सुहांस व धरसौनी में, बयाना की कारवारी, कपूरा मलूका व नहरौली में, रूपवास की नयागांव, दौरादा व मडौली में एवं उच्चौन उपखण्ड की ग्राम पंचायत बारहमाफी के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविर आयोजित होंगे।

## बडारड़ा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में पहुंचे कलक्टर हसीजा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पहल पर 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत मंगलवार को जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा बडारड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंचे। कलक्टर ने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों के काउंटरों का निरीक्षण किया और वहां संपादित की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को बेहतर कार्य निष्पादन एवं त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम श्री बृजेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. हेमंत बिंदल, तहसीलदार श्री विजय रैगर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बडारड़ा शिविर में सहमति से विभाजन के 4, सीमा जानकारी के 7, म्यूटेशन के 22, स्वामित्व के पट्टों के 4 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार अन्य प्रकरणों में भी मौके पर ही राहत दी गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के समाधान और आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# यथासामर्थ्य जगत की सेवा, स्वंय की खोज व परमात्मा से प्रेम करें : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान



**कामां / भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा धर्म इतना सरल नहीं है जितना हमने उसे समझा है यह सबसे कठिन है परंतु असंभव नहीं है। यदि हम प्रभु स्मरण करते हुए प्रयास करें तो असंभव को भी संभव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि औसंसार की हर वस्तु, पदार्थ, प्राणी नाशवान है इनका सदैव साथ नहीं रहता तथा परमात्मा का साथ कभी नहीं छूटता है ।अतः हमें जगत की यथासामर्थ्य सेवा करनी चाहिए तथा सेवा का अवसर मिलने पर स्वयं को सौभाग्यशाली समझना चाहिए। व सेवा के आए उस अवसर को हाथ से न जाने देने पर स्वयं को परम सौभाग्यशाली समझना चाहिए। हमें जगत में जब भी संत, गुरु, परमात्मा, बुजुर्ग, माता-पिता व धर्म एवं संस्कृति की सेवा का अवसर मिले तो उसे प्रसन्न होकर करनी चाहिए ,भार समझकर नहीं। क्योंकि भार समझकर की गई सेवा, सेवा की श्रेणी में नहीं आती है। यह मात्र सेवा का दिखावा हो सकता है सेवा नहीं। अपने दिव्य वचनों में उन्होंने कहा कि मैं नहीं कहता सारे संसार की सेवा करें या जितनी कोई और सेवा कर रहा हो उतनी सेवा करें, परंतु यह तो अवश्य कहूंगा कि जहां कर सके, जितनी कर सके, जब कर सके, जैसे भी कर सके, जितनों व जिनकी कर सकें सेवा अवश्य करें। उन्होंने अपने दिव्य प्रवचनों में कहा कि जो अपनी संपूर्ण कामनाओं पर विजय प्राप्त कर लेता है वह सदा के लिए सुखी हो जाता है। क्योंकि कामनाएं दुख और बंधन की हेतू है। उन्होंने कहा कि मात्र कर्म करते हुए भी हम जीवन तो व्यतीत कर सकते हैं परंतु जीवन में वांछित शाश्वत सुख व आनंद प्राप्त नहीं कर सकते। अत- कोई भी कार्य करने से पूर्व विचार करें तथा परमात्मा का हृदय से स्मरण करते हुए कर्म करें। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण श्री गुरू महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज

# बाड़ी पीजी कॉलेज को मिला 5 करोड़ का बजट पीएम शिक्षा अभियान से बदली सूरत, 800 छात्रों को मिलेंगी हाईटेक सुविधाएं

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी के धौलपुर रोड धोरा बाग स्थित राजकीय पीजी कॉलेज में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत विकास कार्य चल रहे हैं। पिछले 5 वर्षों से मात्र 8 कमरों में चल रहे कॉलेज को अब 5 करोड़ रुपए का बजट मिला है। डेढ़ वर्ष पहले डॉ. मनोज कुमार सिंह के प्राचार्य पद संभालने के बाद कॉलेज में बदलाव आया। छात्र संख्या बढ़कर 800 से अधिक हो गई। अब कॉलेज में दूसरी मंजिल का निर्माण हो रहा है। साथ ही हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण भी किया जा रहा है। राजस्थान कृषि वितरण बोर्ड को दिए गए टेंडर के तहत कॉलेज में 5 नए कक्षा-कक्ष और 5 हाईटेक प्रयोगशालाएं बनाई जा रही हैं। इनडोर और आउटडोर गेम के लिए खेल मैदान का निर्माण भी प्रगति पर है। कॉलेज में 15 किलोवाट का सोलर पैनल लगाया जाएगा। वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था भी की गई है। छात्रों के मनोरंजन के लिए बड़े हॉल में डिजिटल इंटरएक्टिव बोर्ड लगाया गया है। हर शनिवार को इस पर मनोरंजक और शिक्षाप्रद फिल्में दिखाई जाएंगी। विद्या संबलन अभियान के तहत शिक्षकों की पूर्ण व्यवस्था की गई है। कॉलेज में स्नातकोत्तर कक्षाएं भी संचालित हैं। आने वाले समय में छात्रों को कैंपस में नि:शुल्क वाई-फाई की सुविधा भी मिलेगी।

## मनरेगा महिला मजदूरों का नगर पालिका कार्यालय में विरोध प्रदर्शन और हंगामा

# मजदूरों का आरोप,पोखर खुदाई का काम कराया अचानक बंद, अब सौ रुपये में मजदूरी की बात

### शोषण के विरोध में किया हंगामा, नहीं हुआ इंसाफ तो कही नहीं चलेगी मस्टरोल

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहरी मनरेगा की कई दर्जन महिलाओ द्वारा सोमवार को शहर के नगर पालिका कार्यालय में पालिका प्रशासन पर शोषण का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया गया। महिला मजदूरों ने आरोप लगाया की पोखर खुदाई के काम में 800 के करीब महिला मजदूरों को नामांकित किया है। जबकि मौके पर 300 से 400 महिला मजदूर ही काम करती हैं। जिन पर कर्मचारी अतिरिक्त काम करने का दबाब बनाते है। आज सुबह काम पर आने के बाद कोई जानकारी नहीं दी गई। बाद में 10 बजे के करीब उनका काम बंद करा छुट्टी की बात कही गई। अब उन्हें उनकी एक दिन की मजदूरी से वंचित किया जा रहा है। महिला मजदूर आशा, राधा, कृष्णा बाई, गुड्डी, राजकुमारी, पुष्पा आदि ने बताया कि वे कई दिन से वार्ड नंबर 28 में धनोरा रोड पर नगर पालिका भूमि पर पोखर खुदाई का काम रकर रही है। आज सुबह 10 बजे उनसे कहा गया कि आज की उनकी छुट्टी है। काम नहीं कराया जाएगा। जबकि वे दो घंटे से लगातार काम कर रही थी साथ में उनसे कहा गया कि यदि आगे उन्हें काम करना है तो 100 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिलेगी। इसी से आक्रोशित होकर कई दर्जन महिला मजदूर नगर पालिका कार्यालय पहुंची। जहां अधिकारियों के नहीं मिलने पर उन्होंने जमकर हंगामा किया। बाद में पालिका में मौजूद कर्मचारियों ने समझा- बुझाकर घर भेजा। महिला मजदूरों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन को लेकर नगर पालिका के कनिष्क अभियंता अमित गोयल ने बताया कि धनोरा रोड पर पोखर खुदाई का काम चल रहा है। रविवार की शाम तेज बारिश हुई थी। जिस वजह से उक्त स्थान पर पानी भर गया है और पानी भरने की वजह से आज काम बंद कराया है। महिला मजदूरों ने आज कोई काम नहीं किया है। मौके पर जाकर रोजगार सहायक अंकुश कुमार ने जो रिपोर्ट दी उसके आधार पर निर्णय लिया है। आगामी समय मे काम करने पर 100 रुपये देने का आरोप गलत है। किसी भी अधिकारी या कार्मिक ने ऐसी कोई बात नही कही। जो काम होता है उसका मेजरमेंट करने के हिसाब से ही पेमेंट किया जाता है। पानी निकासी के बाद फिर से काम कराया जाएगा।

# डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस व आपातकाल अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)**। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के महानायक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस व आपातकाल अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को दोपहर दो बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला संयोजक गौरव शर्मा ने बताया कि चित्तौड़ रोड़ स्थित होटल गणगौर में होने वाले कार्यक्रम में राज्य सरकार के पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन व देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 1975 में कांग्रेस ने सत्ता के स्वार्थ व अहंकार में देश पर आपातकाल थोपकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की हत्या कर विपक्ष की आवाज को दबा दिया था। इस दौरान 21 महीनों तक निर्दयी शासन की क्रूर यातनाएं सहते हुए देश के संविधान व लोकतंत्र की निरंतर रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, नगर निकाय व पंचायत राज के समस्त जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, सभी मंडलो के अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक सहित पूर्व व वर्तमान में दायित्ववान कार्यकर्ता, विचार प्रमुख से जुड़े बंधु व पार्टी कार्यकर्ताओ हिस्सा लेंगे।

## ज्योति कलश यात्रा निकाली



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)**। झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में मंगलवार को गायत्री परिवार की ज्योति कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रही राष्ट्र जागरण ज्योति कलश यात्रा का चौमहला कस्बे में भ्रमण हुआ। कलश यात्रा मंगलवार सुबह 9 बजे गायत्री शक्तिपीठ से शुरू हुई जो कोल्वी रोड, रैदास मंदिर,सत्यनारायण मंदिर,झंडा चौक, पंचायत भवन,सब्जीमंडी ,कुंडला रोड होते हुए वापस दोपहर 1 बजे गायत्री शक्तिपीठ पंहुची जंहा आरती के साथ समापन किया गया।मुख्यट्रस्टी गोविंद राम अग्रवाल ने बताया कि यात्रा में गंगधार, चौमहला, पाडलिया,तलावली,बिशनिया,सहित कई गांवों के गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।यात्रा का कई धार्मिक,सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने जगह जगह स्वागत किया व संगठनों के पदाधिकारी यात्रा में शामिल हुए।इस दौरान कस्बे वासियों ने जगह जगह कलश का पूजन किया व आरती की।यात्रा में बैंड बाजो पर प्रज्ञा गीत गाकर सन्देश दिया गया। यात्रा में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक व यात्रा प्रभारी गुमान सिंह,उप जोन कोटा के सह प्रभारी गोपाल शर्मा ने भी भाग लिया।इससे पूर्व ज्योति कलश यात्रा 23 जून की शाम साढ़े सात बजे गायत्री शक्तिपीठ पर पँहुची जिसका ट्रस्ट मंडल व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कस्बे में भ्रमण के बाद यात्रा क्षेत्र के गांवों के लिए रवाना हुई।यात्रा 30 जून को गंगधार कस्बे में पंहुचेगी।

## ग्रामीणो ने गौचारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)**। झालावाड़ जिले के गंगधार क्षेत्र के केलुखेड़ा ग्राम पंचायत के गांव मेलकी के ग्रामीणो ने मंगलवार को गौचारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन। ग्रामीणो ने ज्ञापन मे बताया की गांव के कुछ लोगों द्वारा गौचारागाह भूमि पर अतिक्रमण कर फसल बौ रखी हे।जिससे गाय मवेशीयों को चराने के लिए जगह नहीं बची जिससे मवेशीयों को चरने मे काफी समस्याओ का भारी सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण यदि अतिक्रमी को गौ चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की कहते हे तो अतिक्रमी द्वारा लड़ाई झगडे पर भी उतारू हो जाते हे। ग्रामीणों नें कहा की उक्त गौचारागाह भूमि से पेमाइश करवाकर अतिक्रमण मुक्त करें। इस दौरान श्यामसिंह, शंकरलाल, शिवलाल, तेजसिंह, कृपालसिंह, रूपालाल, अमरलाल, कालुसिंह, ओंकार सिंह, धन्नाजी, गोकुल सिंह, राघुसिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## इसेंशियल ऑफ मेकिंग क्रिएटिव ज्वेलरी प्रशिक्षण आयोजित

**अजमेर (घनश्याम दास)**। अजमेर जिले के भिनाय उपखंड मुख्यालय पर बैंक ऑफ बडौदा आरसेटी अजमेर के तत्वावधान मे मंगलवार को पंचायत समिति सभागार भिनाय में राजस्थान ग्रामीण आजीविका मिशन के सयुक्त तत्वावधान में स्वरोजगार घटक के तहत निःशुल्क 14 दिवसीय इसेंशियल ऑफ मेकिंग क्रिएटिव ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय जैन प्रधान प्रतिनिधि भिनाय, विशिष्ठ अतिथि पूर्व सरपंच तुलसी राम खींची,मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा भिनाय, संस्थान निदेशक कालूराम बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी, राजीविका ब्लॉक परियोजना प्रबंधक रघुवीर प्रसाद, के आतिथ्य में हुआ। वरिष्ठ अनुदेशक रामराज धाकड़ ने बताया कि प्रशिक्षणार्थीयो को प्रमाण पत्र वितरीत किये गये। प्रशिक्षण से महिलाओ के स्वरोजगार की राह आसान होगी जिससे उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्तर को संबल मिलेगा। ब्लॉक परियोजना प्रबंधक रघुवीर प्रसाद द्वारा बताया कि राजीविका समूह से जुड़कर आरसेटी के कौशल एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के माध्यम से ब्लॉक की महिलाएं अपनी पहचान बना रही है, इसमें राजीविका एवं बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। संस्थान निदेशक कालूराम ने कहा कि जो स्वरोजगार प्रशिक्षण से आजीविका अर्जन हेतु सेवा क्षेत्र संचालित बैंक मुद्रा योजना में आपको ऋण प्रदान कर स्वरोजगार खुलवाने में मदद करेगें। प्रशिक्षणार्थी के एसेसमेंट भारत सरकार के ग्रामीण मंत्रालय के माध्यम से कंट्रोलर प्रतिनिधि एस.के. गुप्ता एवं वंदिता शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान हेमराज महावर,राहुल सिंगाड़िया, कलस्टर मैनेजर सुश्री रीना सेन, सागर सोनी, काजल डोरिया, वीरेंद्र सिंह एवं महिलाए आदि उपस्थिति रहे।

# आत्मा को लेने पहुँचे ग्रांमीणो ने चिकित्यालय परिसर में किया टोना टोटका

## महिलाओ ने गाये मंगलगीत, पुरूषो ने लगाये ऊत महाराज के जयकारे

बढ़ता राजस्थान





**नैनवां (टी.आर सैनी)**। कस्बे के उपजिला चिकित्सालय में आषाद की चैदस को अलग अलग गांव के लोग अपने परिजनो की आत्मा को लेने महिला पुरूष चिकित्सालय में पहुँचे। मंगलवार की सुबह एकाएक ग्रांमीण जैसे ही उपजिला चिकित्सालय में पहुँचे तो वहां कार्यरत चिकित्सा टीम सर्तक हो गई। लेकिन ग्रांमीणो ने चिकित्सालय परिसर में परिजन अस्पताल पहुंचे और धार्मिक अनुष्ठान शुरू कर दिया । ग्रांमीणो ने बताया कि 3 दिसंबर 2010 में उसके परिजन की सड़क दुर्घटना मे घायल हो गया था। जिसको उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। लेकिन इलाज के दौरान चिकित्सालय में ही उसकी मौत हो गई थी। जब से मृत आत्मा नैनवां चिकित्सालय में मौजूद थी। 14 साल बाद परिजन मृतक की आत्मा को शांति दिलाने के लिए नैनवां उप अस्पताल में पहुंच गए। परिजनों ने अस्पताल के मुख्य गेट पर ही आत्मा को ले जाने के लिए अनुष्ठान शुरू कर दिया । अस्पताल के मुख्य गेट पर टोना-टोटका का दौर करीब एक घंटे तक चला। जहां जयकारे लगाये गये। टोने टोटके के बाद एक जना अपने हाथो में पुष्प में स्थित आत्मा को लेकर चल रहा था। इसके पिछे महिलाए गीत गाते हुए चल रही थी। परिजनो ने बताया कि पूरे परिवार के लोग उपजिला चिकित्सालय में आत्मा को लेने आये है। इस आत्मा को अपने घर परिवार की मौजूदगी में स्थापित किया जायेगा। 17 वर्ष पूर्व हुई बच्चे की मौत, आत्मा लेने पहुँचे ग्रांमीणजन- ग्रांमीणो की एक टीम अपने परिजन की आत्मा को लेकर रवाना हुई कि कुछ समय बाद महिलाए एंव पुरूष एक पिकअप गाड़ी में भर कर उपजिला चिकित्सालय पहुँचे। वे मृत आत्मा को लेने सीधे ही लेबर रूम में पहुँच गये। जहां उन्होने कुछ समय के लिए टोने टोटके किया ओर बच्चे की आत्मा का लेकर चिकित्सालय के गेट पर पहुँचे जहां पिकअप गाड़ी में बैठ कर रवाना हो गये। इस टीम के लोगो ने बताया कि 17 वर्ष पूर्व एक बच्चे की लेबर रूम में मौत हो गई थी। उस आत्मा की शांती के लिए पूरा परिवार उपजिला चिकित्सालय पहुँचा। आत्मा को लेकर कमलेश्वर महादेव के यहां स्नान करने की बात की गई।

### स्टॉफ को पाबंद किया जायेगा

मृत आत्मा को लेने के लिए उपजिला चिकित्सालय में धार्मिक अनुष्ठान करने एंव टोने टोटके किया जाने एंव एक टीम सीधे लेबर रूम में प्रवेश करके आत्मा को ले जाने के लिए टोटे टोटके किया जाने की जानकारी मिलने के बाद उपजिला चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि आगे से ऐसा नहीं हो इसके लिए सभी स्टॉफ को पाबंद किया जायेगा।

# शहर विधायक अशोक कोठारी अंडरब्रिजो का औचक निरीक्षण करने पहुंचे

### सम्बंधित अधिकारियों को बुलाया मौके पर

### जनता को त्वरित समाधान दिलाने की कही बात

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)**। शहर विधायक अशोक कोठारी ने सोमवार सुबह नगर विकास न्यास व सीवरेज के अधिकारियों के साथ अंडरब्रिजो का निरीक्षण करते हुए सम्बंधित अधिकारीयों को उचित दिशा-निर्देश दिए। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि सुखाड़िया सर्कल से 100 फीट रोड पर जाने वाले रेलवे अंडरब्रिज का रोड तथा अंडर ब्रिज में पानी भरने की समस्या का विधायक कोठारी ने निरीक्षण कर पिछले लंबे समय से चल रही समस्या का आधुनिक तकनीक के साथ स्थाई समाधान का अधिकारीयों को निर्देश देते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए पाबंद किया, जनता की मांग पर शिवम ग्रीन में पेयजल, लाइट तथा सीवरेज के बारे में अधिकारियों को मौके पर निर्देश दिया। उसके बाद बायस्कोप के सामने अंडर ब्रिज पर पहुंचे वहां भी पानी भरा हुआ मिला, इसपर निगम के महापौर व आयुक्त को त्वरित समाधान करवाकर जनता को राहत पहुँचाने की बात कही, वहीं महापौर पाठक ने उस अंडरब्रिज में मोटर द्वारा पानी की निकासी होना बताया, लेकिन नगर विकास न्यास द्वारा नाला सही नहीं बनने के कारण आए दिन पानी भर जाने से क्षेत्रवासियों व जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसके बाद श्री बाबा धाम रोड पर सीसी सड़क का अवलोकन करते हुए अच्छी गुणवत्ता का कार्य करने के लिए मौके पर अधिकारी को पाबंद किया तथा पांडु के नाले के पास रोड का जो टुकड़ा पड़ा है उसपर अविलम्ब गिट्टी डलवाकर रोड के बराबर करने के निर्देश देकर पांडू नाले से रोड को जोड़ने वाली पुलिया के बारे में भी महापौर से चर्चा की गई, महापौर राकेश पाठक द्वारा विधायक कोठारी को अवगत करवाया कि आप द्वारा पूर्व में इस विषय को रखा गया था, जिस पर नगर निगम द्वारा टेंडर लग चुका है, जल्द ही पुलिया की चौड़ाई बढ़ाकर आम जनता को आवागमन में स्थाई रूप से राहत प्रदान करवाएंगे। वहीं गायत्री आश्रम से पांडू के नाले की तरफ आने वाली रोड पर पहुंचकर महापौर को अवगत करवाया की नाले की सफाई व्यवस्था को और बेहतर करवाएं, फिर यूआईटी के सामने की तरफ से आने वाले अंडर ब्रिज का निरीक्षण कर जनता व पार्षदों की मांग पर ब्रिज पर टीन शेड लगवाकर सुव्यवस्थित करवाने का निर्देश दिया इसपर महापौर द्वारा आश्वस्त किया, तत्पश्चात रूकमणि कॉलोनी में पहुंचे तथा अवलोकन कर पानी की निकासी के बारे में अधिकारियों से बात कर स्थाई समाधान की बात की। इस मौके पर नगर निगम महापौर राकेश पाठक, आयुक्त हेमाराम चौधरी, न्यास के अधिशासी अभियंता कृष्ण गोपाल नागर, सहायक अभियंता रवि श्रीवास्तव, सीवरेज प्रोजेक्ट इंचार्ज वेंकट नरसिया, पार्षद प्रकाश भील, राधेश्याम भड़ाना, पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा के साथ ही अनिल कोठारी, गोवर्धन सिंह कटार, एडवोकेट हंसराज यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**दैनिक बढ़ता राजस्थान की खबर का हुआ असर**

# अजमेर जिले के कैरोट ग्राम पंचायत प्रशासन टूटी कुंभ करनी नींद



### अजमेर जिले के भिनाय उपखंड के ग्राम पंचायत केरोट में दलित परिवारों को आज कूड़ा कचरा से लबलाब बरसाती नालों से मिलेगी राहत

### केरोट में विगत वर्षो से चल रहा है ग्राम विकास अधिकारी की मनमाना खेल

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)**। अजमेर जिले में भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत कैरोट में ग्राम पंचायत प्रशासन की गौर लापरवाही के चलते बढ़ता राजस्थान समाचार पत्र में प्रकाशित हुई। जिस पर जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश पर मंगलवार को ग्राम पंचायत प्रशासन कुंभ करणी से बाहर आता हुआ नजर आया है वही दलित परिवारों के यहां बरसाती नाले चक चौक भरे हुए थे जिसको जेसीबी के माध्यम से खाली करवाए जा रहे हैं । यह नाले 5-5 फीट कचरा कूड़ा से फुल भरे हुए हैं, और दलित परिवारों के यहां बरसाती नालों पर ग्राम के चारों ओर आम रास्ते अतिक्रमण की भेंट चढ़ते हुए नजर आ रहे है, यहां पर चहु और बरसाती नाले सहित आम रास्ते अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। वही बरसाती नालों पर ग्राम वासियों ने अपना कब्जा कर लेटरिंग बना चुके हैं। जिस पर ग्राम पंचायत प्रशासन क्या संज्ञान लेती है। इसी के कारण यहां बरसादी पानी आम रास्तों पर जाता है, और यहां ग्राम पंचायत प्रशासन का बिल्कुल ध्यान केंद्रित नहीं हैं। देखते हैं अब ग्राम पंचायत प्रशासन कुंभकर्णी नींद से बाहर निकाला है। जो इस कार्य को किस प्रकार गति प्रदान करता है और आम रास्ते के अतिक्रमण हटवाता है या नाले पर हो रहे अतिक्रमण पर संज्ञान लेता है के नहीं।

# जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंक समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

### जिला कलेक्टर ने बैंकों को शिक्षा ऋण वितरण, साइबर सुरक्षा जागरूकता के दिए निर्देश

### विभिन्न राजकीय योजनाओं के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर दिया ज़ोर'

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (नि.स.)**। जिले की मार्च-2025 तिमाही की जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय एवं समीक्षा समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला कलक्टर सभागार मे आयोजित हुई। बैठक मे जिला कलक्टर ने राजीविका समूहों के बचत खाते खोलने में एवं समूहों के क्रेडिट लिंकेज में अपेक्षित सहयोग देने के बारे मे निर्देशित किया, ताकि राज्य सरकार कि मंशा के अनुरूप उन्हें आजीविका प्रदान कर अधिक से अधिक पात्र महिला समूहों को आत्मनिर्भर किया जा सके। भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में समूह के बचत खाते खोलने में आ रही समस्याओं को तत्काल दूर करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत लंबित ऋण आवेदनों एवं सीएम स्वनिधि योजनांतर्गत अधिक से अधिक ऋण वितरित करने के निर्देश दिये। शिक्षा ऋण के क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण आगामी बैठकों में शिक्षा ऋण की त्रैमासिक प्रगति प्रस्तुत करने एवं बैंकों को अधिक से अधिक ऋण वितरित करने के लिए निर्देशित किया। अग्रणी जिला प्रबन्धक अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले की वार्षिक साख योजना की समीक्षा में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31 मार्च 2025 तक रुपये 13944.95 करोड़ के ऋण वितरित कर वार्षिक लक्ष्य रुपये 16634.90 करोड़ के 83.83 प्रतिशत प्राप्ति की। भारतीय रिज़र्व बैंक (प्रबंधक) चेतना गोयल ने प्रधानमंत्री जनधन योजनांतर्गत खोले गए खातों को केवाईसी के अभाव में फ्रीज़ ना करने हेतु निर्देशित किया जिससे उनकी सरकारी योजनाओं से संबन्धित सब्सिडी जमा होने में परेशानी ना हो। साइबर धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों को धोखाधड़ी की राशि को फ्रीज़ करने के लिए निर्देशित किया, ना कि सम्पूर्ण खाते को जिससे पीड़ित व्यक्तियों को अपने खातों को संचालित करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े एवं इस संबंध में सभी बैंकों को कम से कम प्रतिमाह एक वित्तीय साक्षारता कैंप आयोजित करने के निर्देश दिये।

# अभियान के अंतर्गत नगर पालिका कपासन ने अतिक्रमण हटाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)**। नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध जारी अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर के मुख्य मार्ग से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र कपासन के मुख्य मार्ग स्थित पेट्रोल पम्प,गुलाब सागर एवं बिजली विभाग सहायक अभियंता कार्यालय के बाहर अवैध रूप से घुमटियां,ठेले एवं तख्तों को पालिका की भूमि पर अतिक्रमण किया गया।जिसको नगर पालिका द्वारा अभियान चलाकर हटाया गया। उक्त अभियान नगर पालिका अतिक्रमण प्रभारी ललितेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में अतिक्रमण दस्ते का गठन किया गया।उक्त अतिक्रमण दस्ते द्वारा सोमवार एवं मंगलवार को कार्यवाही करते हुए पेट्रोल पम्प,गुलाब सागर,विद्युत विभाग सहायक अभियंता कार्यालय के पास रखी हुई।अवैध घुमटियों को हटाया गया।उक्त घुमटियों में अधिकांश घुमटियां ऐसी पाई गई।जिसमें कैबिन माफियों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लोगों से किराया वसूला जा रहा था।जबकि उक्त जमीन पालिका की है। इधर अतिक्रमण दस्ता प्रभारी ललितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र कपासन में बिना स्वीकृति व बिना भू-रूपान्तरण के हो रहे निर्माण कार्यों तथा पालिका की भूमि पर अनाधिकृत रूप से किये अतिक्रमण को हटाया जायेगा।इस दौरान पालिका स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली,विजय कोदली,विशाल कोदली आदि पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही स्वास्थ्य सेवाएं : अंत्योदय संबल पखवाड़े की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)**। राज्य सरकार द्वारा सबका साथ, सबका विकास और अंत्योदय की भावना के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की जिले में शुरुआत हुई। यह पखवाड़ा 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, उपचार, दवा वितरण, कार्ड निर्माण, तथा टीबी व एनसीडी रोगियों की स्क्रीनिंग जैसी सेवाएं दी जा रही हैं। उद्देश्य है कि अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। शुभारंभ के दिन विधायक गोपीचंद मीणा और जिला कलेक्टर जसमींत संधू ने जहाजपुर, निम्बाहेड़ा कला और आमलीकला में शिविरों का निरीक्षण किया और टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित किए। जिला कलेक्टर ने मैदानी स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भागीदारी और व्यापक प्रचार की जरूरत बताई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने नंदराय, उमाजी का खेड़ा और तिलस्वां में शिविरों का निरीक्षण किया और सेवाओं की गुणवत्ता पर जोर दिया। उन्होंने ई-केवाईसी, टीकाकरण, आभा व यूडीआईडी कार्ड, एनसीडी और टीबी स्क्रीनिंग को गति देने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि शिविरों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और लाभ उठाया। सहाड़ा में आयोजित शिविर में लंबित यूडीआईडी कार्ड वितरित हुए, आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं, आयुष्मान भारत कार्ड बांटे गए और सिलिकोसिस पीड़ितों की पहचान की गई। शिविरों की निगरानी के लिए डॉ. अशोक खटवानी और डॉ. संजीव शर्मा ने भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

"इस संसार में कुछ भी स्थाई नहीं तो इस संसार की कोई वस्तु कैसे स्थाई हो सकती हैं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# धरने पर बैठे किसानों से एईएन बोले-कांग्रेस का टाइम गया

## जूली ने कहा- क्या अब सरकार में किसानों को ट्रांसफॉर्मर भी पार्टी देखकर मिलेंगे

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर/कोटपूतली-बहरोड़)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर कस्बे में ट्रांसफॉर्मर की मांग को लेकर किसान डिस्कॉम कार्यालय का गेट बंद कर उसके सामने धरने पर बैठ गए। बातचीत के दौरान एईएन ने कहा- गेट कैसे बंद कर दिया? वो कांग्रेस का टाइम अब गया। इस पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्रामीणों ने जवाब दिया- हम कांग्रेस-भाजपा नहीं हैं, किसान हैं। मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने सरकार पर निशाना साधा है।मामला कोटपूतली-बहरोड़ जिले की बानसूर तहसील के नारायणपुर का है। घटना सोमवार दोपहर 3 बजे की है। किसान करीब 5 घंटे तक धरने पर बैठे रहे। अधिकारियों द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद मामला शांत हुआ।

करीब 5 घंटे तक चले धरने के बाद, रात 8 बजे विभागीय अधिकारियों ने किसानों को मंगलवार तक ट्रांसफॉर्मर बदलने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद किसान धरने से उठ गए। अधिकारियों की समझाइश के बाद माहौल शांत हुआ, लेकिन किसान चेतावनी दे गए कि अगर मंगलवार तक ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला गया तो वे फिर धरना देंगे।

### एईएन बोले- आरोप झूठे हैं

एईएन नितिन गुप्ता ने कहा कि उन्होंने किसी को कुछ गलत नहीं कहा। किसानों के आरोप झूठे हैं। ट्रांसफॉर्मर जलने की जानकारी उन्हें रविवार को ही मिली थी। ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध होते ही बदलने की बात किसानों से कही गई थी। इसके बाद किसान कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। किसानों को समझाइश की गई है और जल्द ट्रांसफॉर्मर बदलने का आश्वासन दिया गया है।

### नेता प्रतिपक्ष ने साधा निशाना

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने ङ्क पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा-क्या अब आपकी सरकार में किसानों को ट्रांसफॉर्मर भी पार्टी देखकर मिलेंगे? नारायणपुर में जब किसान ट्रांसफॉर्मर की मांग को लेकर धरने पर बैठे, तो अधिकारी नितिन गुप्ता ने कथित रूप से कहा कि अब कांग्रेस का नहीं, भाजपा का राज है।

### क्या मतलब कांग्रेस का राज नहीं है : डोटासरा

क्या मतलब कांग्रेस का राज नहीं है... कोटपूतली बहरोड़ में भाजपा नेताओं के इशारे पर एक अधिकारी खुलेआम किसान को धमका रहा है। मुख्यमंत्री जी.. क्या किसानों की आवाज सिर्फ कांग्रेस के राज में ही सुनी जाएगी? इस तानाशाही और अफसरशाही पर लगाम लगाइये, किसान कौम के धैर्य की परीक्षा न लें।

### एईएन के बयान से बिगड़ा माहौल

किसान राकेश दायमा ने बताया-उनके खेतों में पिछले 10 महीनों से ट्रांसफॉर्मर जले हुए हैं, लेकिन बार-बार कहने के बाद भी विभाग ने अब तक उन्हें नहीं बदला। गड़ी पंचायत के किसानों ने ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग लेकर धरने पर बैठे थे। इससे पहले बातचीत करने के लिए कार्यालय में AEN के पास गए थे। बात सुनने और समाधान का आश्वासन देने के बजाय XEN से बात करने और पुलिस बुलाने की धमकी दी। इसके बाद किसान डिस्कॉम का गेट बंद कर धरने पर बैठ गए थे। इस दौरान एईएन नितिन गुप्ता ने किसानों से गलत तरीके से बात की। एईएन ने कहा- अब कांग्रेस का नहीं, बीजेपी का राज है और बहुत ज्यादा निर्मल बनने की कोशिश मत करना।

## पाली में बाबा ने नाबालिग से रेप किया:लड़की के घरवालों ने आरोपी के पैर तोड़े; पुलिस स्ट्रेचर पर कोर्ट लेकर गई

बढ़ता राजस्थान

**पाली (नि.स.)।** पाली में 17 साल की लड़की से ढोंगी बाबा ने रेप किया। घरवालों ने बाबा को पकड़ लिया और उसके पैर तोड़ दिए। परिजनों के मामला दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपी बाबा को अरेस्ट कर लिया। मंगलवार को पुलिस स्ट्रेचर पर बाबा को कोर्ट में पेश करने ले गई। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। मामला जेतपुर इलाके का है।स.।ह्व राजेंद्रसिंह ने बताया- एक धार्मिक स्थल पर जालोर के शांतिपुरा निवासी ईश्वर उर्फ दाता (40) पिछले पांच साल से पूजा-पाठ करता था। एक महिला 8 साल के बेटे को बीमारी होने पर बाबा के पास इलाज कराने आई। बाबा ने कहा कि बच्चे को दो महीने यही रखना पड़ेगा, फिर वह ठीक हो जाएगा। ऐसे में महिला धार्मिक स्थल पर बने एक कमरे में अपने बेटे और पति के साथ रहने लगी। पति यही से दिन में काम पर चला जाता था।विवाहिता की 17 साल की बेटी (12वीं क्लास) अपने दादा-दादी के पास रहती थी। 15 जून को वह मां के पास धार्मिक स्थल पर आई, जिसे देख बाबा की नीयत खराब हो गई। 16 जून की रात बाबा ने नाबालिग से रेप किया।लड़की ने फोन कर मामा को बाबा की घिनौनी हरकत की जानकारी दी। लड़की के परिजनों ने 17 जून की रात सोते बाबा से जमकर मारपीट की। लाठी-डंडों से उसके पैर तोड़ दिए। धार्मिक स्थल के लोगों ने बाबा को बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। इधर,लड़की ने 18 जून को जेतपुर थाने में बाबा के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने 23 जून को बाबा को अरेस्ट कर लिया।



### चार पुलिसकर्मी स्ट्रेचर पर लाए कोर्ट

मंगलवार को बाबा को पाली के अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। लड़की के घरवालों ने बाबा के पैर तोड़ दिए थे। ऐसे में वह चल नहीं पा रहा था। उसके पैर फ्रेक्चर होने के चलते पुलिस उसे स्ट्रेचर पर लेकर कोर्ट पहुंची। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस आरोपी को डेढ़ बजे जेल लेकर पहुंची, लेकिन बीमार होने पर उसे प्रशासन ने जेल में रखने से मना कर दिया। इस पर जेल के डॉक्टर ने उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के जेल वार्ड के लिए रेफर कर दिया। दोपहर साढ़े तीन बजे जेल वार्ड में भर्ती कराया।

## ब्यावर-पिंडवाड़ा फोरलेन पर लेपर्ड का शव मिला:वन विभाग ने वाहन की टक्कर से मौत की आशंका जताई

बढ़ता राजस्थान

**रायपुर मारवाड़ (ब्यावर) (नि.स)।** रायपुर के सेन्दड़ा क्षेत्र में ब्यावर-पिंडवाड़ा फोरलेन पर लालपुरा सराधना घाटी के पास सड़क किनारे मंगलवार सुबह एक लेपर्ड (तेंदुआ) का शव मिला। आशंका जताई जा रही है कि सुबह के समय किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से लेपर्ड की मौत हुई है।घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय सरपंच रतन सिंह भाटी ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। इसके बाद वन अधिकारी आनंद बाहरठ और उनकी टीम मौके पर पहुंची। टीम ने लेपर्ड के शव को कब्जे में लेकर सेन्दड़ा कस्बे के वन विभाग कार्यालय पहुंचाया। फिलहाल वन विभाग की टीम स्थानीय ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी जुटा रही है।वन अधिकारी आनंद बाहरठ ने बताया-संभावना है कि सुबह के समय किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से लेपर्ड की मौत हुई है। लेपर्ड का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब है कि करीब सात दिन पहले सरपंच रतन सिंह भाटी ने रात्रि चौपाल के दौरान कलेक्टर को ज्ञापन देकर इस क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए चारदीवारी निर्माण की मांग की थी। यह इलाका पहले भी वन्यजीव दुर्घटनाओं के कारण सुर्खियों में रहा है। इससे पहले सेंदड़ा वन क्षेत्र में ही एक और लेपर्ड की मौत हो चुकी है।



# डीग में पीडब्ल्यूडी का कारनामा

## सड़क के बीचोंबीच खंभे-किरकिरी हुई तो बिजली विभाग को 67 हजार का डिमांड नोटिस देकर हटवाए



बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (नि.स)। सड़क के बीचोंबीच खंभे होंगे तो गाड़ियां कैसे चलेंगी? ये सोचना ड्राइवर का काम है PWD विभाग का नहीं। डीग जिले के सीकरी कस्बे में PWD विभाग का अजीबोगरीब कारनामा सामने आया।

सीकरी में विभाग ने मई महीने में मशरूम प्लांट के पीछे से नगर-पहाड़ी रोड तक करीब 1500 मीटर की सीसी रोड का निर्माण किया। जहां सड़क बननी थी वहां पहले से बिजली का एक ट्रांसफॉर्मर और 6 खंभे लगे हुए थे।

विभाग ने खंभे हटवाने की जहमत नहीं उठाई और खंभों के इर्द-गिर्द ही सीसी रोड बना दी। स्थानीय निवासी रमेश ने बताया- विभाग ने पिछले ही महीने मई में यह डेढ़ किलोमीटर सड़क 1.25 करोड़ की लागत से बनाई थी। सड़क बनाने का ठेका बी. गौतम नाम के ठेकेदार को दिया था। काम पूरा होने के बाद बोर्ड लगाया जिसमें सड़क का निर्माण की तारीख दो साल पहले की यानी 29 मार्च 2023 डाल दी है।

### लोगों ने विरोध किया तो सामने आया मामला

स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। इसके बाद मामला सुर्खियों में आ गया। अधिकारियों के पास इस कारनामे का कोई जवाब नहीं था। बात मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंची तो विभाग की किरकिरी होने लगी।अब इस गलती को ठीक कर दिया गया है। सोमवार को पीडब्ल्यूडी विभाग ने बिजली विभाग के नाम 67 हजार रुपए का डिमांड नोटिस जारी किया और सभी खंभों को रोड से हटाकर किनारे पर लगा दिया गया है। इस पूरे मामले पर पीडब्ल्यूडीविभाग के अधिकारी अब कुछ भी कहने से बच रहे हैं।मामले को लेकर जब सीकरी XEN गोविन्द मीणा से बात की तो बोले- पीडब्ल्यूडीविभाग ने 67 हजार रुपए बिजली विभाग को देकर पोल हटवा दिए हैं। सड़क की लागत के बारे में जानकारी मांगी तो बोले हमने नहीं बनाई। अभी तक सड़क का प्रपोजल नहीं लिया। इतना कहकर उन्होंने फोन काट दिया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा, अरनिया कलां में शिक्षा मंत्री ने किया शिविर का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के पहले दिन शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को कोटा जिले के खैराबाद पंचायत समिति की अरनिया कलां ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर का विधिवत् शुभारंभ किया। शुभारंभ के अवसर पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें संबल प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को नामांतरण खोलने जैसे राजस्व से संबंधित प्रकरणों के प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए।

दिलावर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अरनिया कलां में इंटरलॉकिंग के लिए 6 लाख रूपये एवं बैरवा समाज सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रूपये विधायक कोष से स्वीकृत किए।

**250 पौधे, 50 मिनी बीज किट वितरित—**

अरनिया कलां में आयोजित शिविर में साढ़े पांच सौ से अधिक ग्रामीण पहुंचे। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को 250 पौधे वितरित किए गए। ग्रामीणों ने वहां चारागाह भूमि पर पौधारोपण भी किया। शिविर में 50 मिनी बीज किट एवं 14 सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। बिजली विभाग द्वारा झुलते तारों के दो प्रकरणों में तार सही करवाए एवं पेड़ों की कटाई-छटाई करवाई गई।

## आग से जलता सिलेंडर लेकर दौड़ा फायरमैन : घर से खींचकर सड़क पर पटका, मां की जान बचाते झुलसा बेटा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ।** कोटा के श्रीपुरा इलाके में स्थित एक घर में आग लग गई। महिला रसोई में खाना बना रही थी। इस दौरान अचानक सिलेंडर ने आग पकड़ ली। मां की चीख सुनकर फायरमैन बेटा रसोई में गया। वाइपर की मदद से जलते सिलेंडर को मकान के बाहर लाकर पटका और मां की जान बचाई। इस जद्दोजहद में बेटे का एक हाथ जल गया। तबीयत बिगड़ने पर और सीने में दर्द होने पर ईसीजी करवाई गई, जिसमें हार्ट में ब्लॉकेज आया। घटना श्रीपुरा इलाके में 18 जून रात सवा 10 बजे के आसपास की है। अब इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें फायरमैन घर की सीढ़ियों से सिलेंडर को लाते नजर आया है।

### मां की आवाज सुनकर दौड़े

फायरमैन शाहनवाज अख्तर ने बताया- उनकी पोस्टिंग बारां में है। वे 18 जून की शाम को कोटा अपने घर आए थे। इस दिन रात को मां रसोई में खाना बना रही थी। पिता, भाई और मैं घर के बाहर ही थे। बाकी सदस्य कमरों में थे।

### फायरमैन का हाथ झुलसा

चीखने चिल्लाने की आवाज से गली में लोगों की भीड़ लग गई। फायरमैन ने गली में जलते सिलेंडर को पटका और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद आग काबू में हुई। इस जद्दोजहद में भाई शाहनवाज का दाहिना हाथ झुलस गया। उसे एमबीएस हॉस्पिटल लेकर गए। इसके बाद निजी हॉस्पिटल लेकर गए।डॉक्टर ने ईसीजी की तो हार्ट में प्रॉब्लम बताई। ब्लॉकेज के कारण उसी रात को एक स्टंट डाला गया। 5 दिन आईसीयू में भर्ती रहे। अब शाहनवाज की तबीयत ठीक है। समय रहते सिलेंडर को बाहर नहीं निकालते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित, शासन सचिव ने भविष्य की कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।(का.स)।** स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने मंगलवार को मुख्यालय के सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभाग के कार्यों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर भविष्य की कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी जनजीवन से जुड़ी योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत योजना, अन्नपूर्णा रसोई योजना, शहरों की साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, नालों की सफाई, स्मार्ट सिटी परियोजनाएं आदि का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर निकायों की कार्य क्षमता बढ़ाने, पारदर्शिता एवं जनभागीदारी को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया।बैठक के दौरान उन्होंने प्रमुख चुनौतियों जैसे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जलभराव, स्ट्रीट वेंडर ज़ोन का सुव्यवस्थित संचालन, राजस्व वृद्धि एवं नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस को विस्तार देने की दिशा में अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचना ही विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। जैन ने अधिकारियों को कहा कि सभी नगरीय निकाय जनसुनवाई तंत्र को और अधिक संवेदनशील एवं सुदृढ़ बनाए तथा समयबद्ध सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और पारदर्शिता को आधार बनाकर ही सुशासन की स्थापना संभव है। बैठक में विभाग के निदेशक श्री इंद्रजीत सिंह, अतिरिक्त निदेशक श्री श्याम सिंह, मुख्य अभियंता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




# सीएम बोले- कांग्रेसी सपने भी वो दिखाते,जो समझ नहीं आते : कहते हैं आलू से सोना बना देंगे

## किसान के खेत को पानी मिल गया तो वो सोना पैदा कर देगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** सीएम भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को एक बार फिर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारी सरकार गरीब के सपनों को पूरा करने का काम कर रही है। लेकिन कांग्रेस के लोग तो सपने भी वो दिखाते हैं, जो समझ में नहीं आते हैं। वो कहते है कि आलू से सोना बना देंगे। अरे भाई वो मशीन तो हमारे पास नहीं है। लेकिन इतना जरूर कह सकता हूं कि किसान के खेत को पानी मिल गया तो किसान अपने खेत में सोना पैदा करने का काम जरूर करेगा। सीएम भजनलाल शर्मा आज दूदू के बिचून में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के शुभारंभ के मौके पर आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैने कल भी कांग्रेस के लोगों को कहा था कि आपने पिछले 5 सालों में जितना काम किया। आज हम उस पायदान पर हैं कि उसके बराबर हमारी सरकार काम कर चुकी है। हम केवल बातें नहीं करते हैं, हम काम करते हैं। हम किसान के दर्द, गरीब की पीड़ा और युवा के मन को जानते हैं। सीएम ने की काम की तुलना



सीएम भजनलाल शर्मा ने आज अपनी सरकार और पिछले कांग्रेस राज के कामों की तुलना भी की। उन्होंने कहा कि हमने पिछले डेढ़ साल में केन्द्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से 35 हजार करोड़ के अल्पकालीन ऋण दिए हैं। वहीं, कांग्रेस सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपए के अल्पकालीन ऋण दिए थे।

हमने डेढ़ साल में समर्थन मूल्य पर 30 लाख मैट्रिक टन गेहूं खरीदा है। बल्कि कांग्रेस सरकार ने केवल 11 लाख मैट्रिक टन गेहूं खरीदा था। हमने 12 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया है, जबकि कांग्रेस ने केवल 3,400 किमी सड़क ही बनाई थी। उन्होंने कहा- यह तो कुछ तथ्य है। उनकी नाकामी का आलम तो यह है कि आज हम जहां हाथ लगाते है पिछली सरकार की असफलताएं नजर आती है। लेकिन आज हमारे संकल्प से प्रदेश विकास की पटरी पर दौड़ने लगा है।

### कांग्रेस का कभी गरीब से वास्ता नहीं रहा

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाओं का नारा दिया। यह नारा आज का नहीं है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भी यह नारा दिया था। इंदिरा गांधी ने भी यहीं नारा दिया था। आज राहुल गांधी भी यह नारा दे रहे हैं। लेकिन इनका कभी गरीब से वास्ता नहीं रहा। उन्होंने कहा कि हमारे कांग्रेस के मित्र कहते है कि मुख्यमंत्री रुकता नहीं है। अरे भाई मैं बैठने के लिए थोड़े ही हूं। मैं तो मेरे किसान, मजदूर, गरीब के काम के लिए हूं। मैं तो रोज जाऊंगा और इन सभी के लिए काम करूंगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार